हरिभूमि
# रायपुर भूमि



# खत्म नहीं हो रहा पुरानी जांच मशीनों का मोह, बजट में 54 करोड़ मंजूर, पर दस माह बाद भी उलझन

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल का रेडियोडायग्नोसिस विभाग मरीजों की जांच के लिए पुरानी जांच मशीनों का मोह नहीं छोड़ पा रहा है। यहां की एमआरआई और सीटी स्कैन मशीन की खरीदी के लिए बजट में 54 करोड़ रुपए स्वीकृत किया गया है, मगर दस महीने बीतने के बाद भी सीजीएमएससी प्रक्रियाओं में ही उलझा हुआ है। 13 साल पहले करीब 20 करोड़ की लागत से खरीदी गई मशीन अब पुरानी हो चुकी है। जांच की गति धीमी होने के बाद कभी भी बंद होने के कारण इसके मेंटेनेंस में अस्पताल को बड़ा खर्च करना पड़ता है। सूत्रों का कहना है कि अस्पताल से संबंधित उपकरणों की खरीदी की जिम्मेदारी सीजीएमएससी की है और उसकी लंबी प्रक्रिया की वजह से मरीजों की जांच पुरानी मशीनों ▶▶|शेष पेज 13 पर

- तेरह साल पुरानी सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन से चल रही मरीजों की जांच
- जांच की रफ्तार हो चुकी कम, कभी भी हो जाती है बंद, मेंटेनेंस पर होता है बड़ा खर्च

### जांच बढ़ने से मरीजों को लाभ

नई मशीन से जांच की संख्या में बढ़ोतरी होगी जिसका लाभ मरीजों को मिलेगा। अभी उपलब्ध संसाधनों से ज्यादा से ज्यादा मरीजों की जांच की जा रही है। मशीनों की खरीदी की प्रक्रिया सीजीएमएससी स्तर पर पूरा किया जा रहा है।

\- डा. विवेक पात्रे, विभागाध्यक्ष, रेडियोडायग्नोसिस विभाग

### होगी दोगुनी जांच

अस्पताल सूत्रों के अनुसार वर्तमान में पुरानी मशीन के जरिए विभाग द्वारा रोजाना 20 से ज्यादा लोगों की जांच की जा रही है। नई मशीन मिलने जांच की संख्या दो से तीन गुना होने की संभावना है क्योंकि नई के साथ पुरानी मशीन का उपयोग मरीज हित में किया जा सकेगा। पूर्व में इमरजेंसी को छोड़कर बाकी मरीजों की जांच ओपीडी टाइमिंग में की जाती थी। इससे मरीजों को जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। इस समस्या को खत्म करने के लिए अस्पताल ने जांच की अवधि में वृद्धि की जिससे वेटिंग वाली समस्या अब कम हो गई।

### सबसे ज्यादा बोझ भी

सीटी स्कैन की सुविधा आंबेडकर के अलावा जिला अस्पताल और एम्स में भी है। यहां मरीजों की संख्या ज्यादा होने की वजह से दबाव भी अधिक होता है। समस्या के समाधान के लिए पहले डीके हास्पिटल में पीपीपी मोड में संचालित डायग्नोस्टिक सेंटर में मरीज भेजने की व्यवस्था की गई थी जो कारगर नहीं हुआ। एम्स में इन जांचों के लिए लंबी वेटिंग की समस्या होती है और जिला अस्पताल हास्पिटल में आने वाले और अन्य जरूरतमंद मरीजों की जांच सीमित संख्या में कर पाता है।

## खबर संक्षेप

### 100 पौवा शराब बरामद कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मठपुरैना स्थित देवारपारा से अजय सोनवानी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 100 पौवा देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 12 हजार रुपए है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पुलिस अभियान जारी 152 वारंटी भेजे जेल

**रायपुर।** शहर के थाना खमतराई, गुढ़ियारी, उरला, पंडरी एवं खम्हारडीह क्षेत्र में स्थायी तथा गिरफ्तारी वारंटियों के विरुद्ध पुलिस ने अभियान चलाकर 152 वारंटियों को पकड़कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) मयंक गुर्जर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम एवं सहायक पुलिस आयुक्त उरला पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में मंगलवार को इन सभी फरार वारंटियों की तामीली के लिए सघन अभियान चलाया गया। इनमें खमतराई में स्थायी वारंट 27, गिरफ्तारी वारंट 13, उरला थाना में स्थायी वारंट 38, गिरफ्तारी वारंट 3, थाना गुढ़ियारी में स्थायी वारंट 17, गिरफ्तारी वारंट 18, थाना पंडरी में स्थायी वारंट 18, गिरफ्तारी वारंट 4, थाना खम्हारडीह में स्थायी वारंट 10, गिरफ्तारी वारंट 4 शामिल हैं। इनमें तामील स्थायी वारंट 110 एवं गिरफ्तारी वारंट 42 हैं।

### मेंटेनेंस का पैसे देने की बात पर मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने मेंटेनेंस के पैसे लेनदेन के विवाद पर मारपीट करने वाले के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना गुलशन अपार्टमेंट राजातालाब की है। प्रार्थी नियाज अली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मो. अजहर ने मेंटनेंस के पैसे देने की बात पर नियाज से विवाद कर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट की, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा बीएनएसः 296, 115-2, 351-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में बयान लिए जा रहे हैं। जांच के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कमिश्नरेट प्रणाली में डीजे-टेंट संचालन पर सख्ती

**रायपुर।** डीसीपी सेंट्रल जोन उमेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को एसीपी कोतवाली और एसीपी सिविल लाइंस डिवीजन क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत डीजे संचालकों, साउंड सिस्टम संचालकों, धुमाल पार्टी संचालकों एवं टेंट व्यवस्था से जुड़े व्यवसायियों की एक संयुक्त बैठक हुई। इसमें कमिश्नरेट प्रणाली के अंतर्गत लागू अनुमति प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कार्यक्रम, आयोजन, रैली, जुलूस, धार्मिक अथवा सामाजिक आयोजन के लिए पुलिस प्रशासन से पूर्व वैध लिखित अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य है। इस दौरान चेतावनी भी दी गई कि न्यायालय के दिशा-निर्देश के तहत बिना अनुमति डीजे संचालन, निर्धारित समय का उल्लंघन, तेज ध्वनि, सड़क अवरोध एवं संवेदनशील क्षेत्रों में शोर-शराबे पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 10वीं-12वीं की परीक्षा लेगा माशिम, अन्य कक्षाओं की परीक्षाएं आयोजित करेगा जिला शिक्षा कार्यालय

# निजी स्कूलों से छीना परीक्षा लेने का अधिकार जिला शिक्षा कार्यालय लेगा वार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी एक आदेश से प्रदेशभर के निजी स्कूलों में बवाल मच गया है। आदेश के माध्यम से निजी स्कूलों से परीक्षा लेने का अधिकर छीन लिया गया है। दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं बोर्ड होती हैं। इनका आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किया जाता है। इन कक्षाओं के अतिरिक्त अन्य की परीक्षाएं निजी स्कूल आयोजित करते थे। बीते वर्ष 5वीं-8वीं को बोर्ड घोषित किया गया था। इनकी परीक्षाएं केंद्रीकृत स्तर पर प्रशासन द्वारा आयोजित की गईं। न्यायालय के दखल के बाद निजी स्कूलों को इसमें राहत मिली। अब जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि पहली से चौथी, छठवीं-सातवीं, नवमी-ग्यारहवीं की परीक्षाएं आयोजित कराने की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की होगी।

यह आदेश शासकीय विद्यालयों सहित अनुदान प्राप्त विद्यालय, अशासकीय विद्यालय एवं स्वामी ▶▶|शेष पेज 13 पर

- निजी स्कूल विरोध में उतरे, कहा- ताला लगाकर चाबी अपने पास रख ले सरकार

### 15 फरवरी तक प्रश्नपत्र तैयार करने निर्देश

*प्रश्नपत्र निर्माण समिति द्वारा ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न पत्रों के तीन सेट 15 फरवरी तक तैयार कराने कहा गया है। मॉडरेशन समिति द्वारा प्रश्न पत्रों का मॉडरेशन 20 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। जिला स्तरीय संचालन समिति की अनुशंसा पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मुद्रक को प्रश्नपत्र मुद्रण के लिए 25 फरवरी तक दिया जाएगा। मुद्रक द्वारा केन्द्रवार, विषयवार, कक्षावार प्रश्नपत्र सील बंद लिफाफे में जिला शिक्षा अधिकारी को 15 मार्च तक सौपा जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर प्रत्येक संकुल प्राचार्यों को उनके संकुल अंतर्गत समस्त शालाओं के लिए प्रश्न पत्रों का वितरण 20 मार्च तक किया जाएगा।*



- सीबीएसई, आईसीएसई एवं भारतीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूल रहेंगे दायरे से बाहर
- वर्तमान सत्र से लागू होगा नया नियम, कई निजी स्कूल घोषित कर चुके हैं समय-सारिणी

### 30 अप्रैल तक घोषित करने होंगे नतीजे

वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। परीक्षा उपरांत विषय शिक्षक ये मूल्यांकन करेंगे। कॉपियां जांचने का कार्य 20 अप्रैल तक पूर्ण करने कहा गया है। विद्यालयवार अंकसूची 25 अप्रैल तक तैयार की जाएगी और नतीजों की घोषणा 30 अप्रैल तक करनी होगी। पहली से चौथ तथा छठवीं-सातवीं की वार्षिक परीक्षा में त्रैमासिक परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत, छःमाही परीक्षा में प्रत्येक विषय में प्राप्त अंकों का 20 प्रतिशत अधिभार के रूप में जोड़ा जाएगा अर्थात त्रैमासिक का 20 प्रतिशत, छःमाही का 20 प्रतिशत एवं वार्षिक का 60 प्रतिशत जोड़कर परीक्षाफल तैयार होगा। नवमी और ग्यारहवीं में केवल छमाही परीक्षा के 30 प्रतिशत अंक अधिभार के रूप में जुड़ेंगे अर्थात छमाही का 30 प्रतिशत अंक एवं वार्षिक का 70 प्रतिशत अंक जोड़कर परीक्षाफल तैयार होगा।

### अनुत्तीर्ण होने पर भी अगली कक्षा में प्रवेश

*डीपीआई ने अपने आदेश में कहा है कि अगर कोई विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो उसे पूरक परीक्षा में बैठने का अवसर दिया जाएगा। विषय शिक्षकों द्वारा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की अतिरिक्त कक्षाएं लेकर तैयारी कराई जाएगी। पहली से चौथ तथा छठवीं-सातवीं की वार्षिक परीक्षा में यदि कोई विद्यार्थी पूरक परीक्षा में भी अनुत्तीर्ण होता है, तो उसे भी कक्षोन्नति देकर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। किसी भी विद्यार्थी को पिछली कक्षा में नहीं रोका जाएगा।*

### इधर, रात्रिकालीन आपातकालीन बैठक

*आदेश जारी होने के बाद से ही निजी स्कूलों में हड़कंप मच गया है। मंगलवार रात्रि में आपातकालीन बैठक बुलाई गई। ऑनलाइन हुई इस बैठक में आदेश के विरोध का निर्णय लिया गया है। निजी स्कूल संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा, कई निजी स्कूल समय-सारिणी घोषित कर चुके हैं। चंद दिनों पूर्व इस तरह का तुगलकी फरमान जारी करना अन्याय है। यदि आदेश वापस नहीं हुआ तो हम अपने स्कूलों में ताले लगाकर चाबी शासन को सौंप देंगे।*

## कैबिनेट आज, बजट के प्रस्ताव को मिलेगी मंजूरी, सत्र के पहले सप्ताह में पेश होगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य कैबिनेट की बैठक बुधवार को बुलाई गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में सुबह 11.30 बजे से होगी। बैठक में राज्य के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्ताव को मंजूरी दी जाएगी। कैबिनेट की बैठक में बजट को मंजूर किए जाने के बाद उसे अंतिम रूप से तैयार किया जाएगा। बताया गया है कि विधानसभा बजट सत्र में पहले सप्ताह में ही 27 फरवरी को पेश किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री और विभिन्न विभागों के मंत्रियों से चर्चा के बाद बजट तैयार कर लिया गया है। बजट में कई नए प्रस्तावों को कैबिनेट की अनुसंशा के बाद शामिल किया जा सकता है। बजट को मंजूर दिए जाने के बाद इसे प्रिंटिंग के लिए भेजा जाएगा। कैबिनेट में विधानसभा सत्र के दौरान राज्य सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले विधेयकों पर भी चर्चा की उसे मंजूरी दी जाएगी। वहीं कैबिनेट में अन्य विभागों के प्रस्तावों पर चर्चा कर निर्णय लिए जाएंगे।

### अब तक लगे 824 सवाल

उल्लेखनीय है कि विधानसभा का सत्र 23 फरवरी से शुरू हो रहा है। 15 दिन चलने वाले सत्र के लिए पक्ष और विपक्ष की ओर से तैयारियां की जा रही है। सत्र के लिए विधायकों ने अपने सवाल लगाने शुरू कर दिए हैं। पिछले तीन दिनों में सत्र के लिए 824 सवाल लगाए जा चुके हैं। सत्र शुरू होने के एक सप्ताह पहले तक यह प्रक्रिया जारी रहेगी। सत्र के दौरान विधि विधायी और वित्तीय कार्य किए जाएंगे।

## एल्बेंडाजोल की जांच को चुनौती, दूसरे लैब जाने मांगी अनुमति, दो फर्म को ब्लैकलिस्टेड करने की तैयारी


डिसोल्यूशन टेस्ट में फेल हुई एल्बेंडाजोल टेबलेट, निर्माण कंपनी को शोकॉज नोटिस

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृमिनाशक दवा के अमानक मामले में सीजीएमएससी के शोकॉज नोटिस के जवाब में संबंधित फर्म ने उसकी जांच को चुनौती देते हुए दूसरे लैब जाने की अनुमति मांगी है। अन्य प्रयोगशाला की जांच में भी अगर दवा अमानक मिलती है, तो दवा को काली सूची में डालने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। लगातार दो उत्पाद अमानक पाए जाने पर दो फर्मों को काली सूची में शामिल किए जाने की तैयारी है।

सरकारी अस्पतालों में मरीजों को उपलब्ध कराई जाने वाली दवा की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखी जा रही है। पिछले दिनों कृमिनाशक टेबलेट के अमानक मिलने पर संबंधित कंपनी को शोकॉज नोटिस जारी कर ब्लैकलिस्टिंग नहीं किए जाने का कारण पूछा गया था। संबंधित फर्म ने अपने जवाब में दवा निगम की जांच को चुनौती देते हुए दवा को काली सूची में डालने से पहले अन्य लैब में जांच कराने की अनुमति मांगी है। अफसरों का कहना है कि इस टेस्टिंग में भी अगर सैंपल फेल होता है, तो उसे काली सूची में शामिल करने की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। दवा निगम के उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक आने वाले दिनों में दो कंपनियों को ब्लैक लिस्टेड किए जाने की तैयारी है। इन कंपनियों की तीन तरह की दवाओं को करीब तीन माह पहले काली सूची में शामिल किया गया। कुछ समय बाद दूसरी कंपनी का उत्पाद अमानक हो गया। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि नियम के मुताबिक किसी फर्म का दो उत्पाद ब्लैक लिस्टेड होता है, तो फर्म के खिलाफ भी कार्रवाई की जाती है। दोनों कंपनियां अन्य राज्यों से संबंधित हैं।

- दवाओं के अमानक होने के मामले में सख्ती बरतने की तैयारी

### दवाओं की सूची बढ़ाने की तैयारी

दवा निगम द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी हास्पिटलों में भेजी जाने वाली दवाओं की सूची बढ़ाने की तैयारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार डिमांड में रहने वाली 101 प्रकार की नई दवाओं की खरीदी के लिए वृहद स्तर पर टेंडर जारी किया गया है और आने वाले दिनों में इसकी सप्लाई के लिए वर्कआर्डर भी जारी करने की तैयारी है। दवा निगम अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार के लिए काफी मात्रा में उपकरण खरीदने की प्रक्रिया भी सीजीएमएससी में लंबित है।

## शराब की कीमत नहीं बढ़ेगी, सरकार ने कहा- अभी केवल ड्यूटी की दरें तय हुईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब की कीमतें नहीं बढ़ेंगी। राज्य सरकार ने इस संबंध में साफ किया है, अभी केवल शराब पर लगने वाली ड्यूटी तय की गई है। सरकार को यह बात इसलिए कहनी पड़ी है कि पिछले कुछ दिनों से लगातार ये अटकलें और अफवाह फैल रही थी कि राज्य में शराब की कीमत 1 अप्रैल से बढ़ने वाली है।

राज्य शासन ने इस संबंध में कहा है कि शासन द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार वर्तमान में केवल देशी / विदेशी मदिरा एवं बियर पर ड्यूटी दरें निर्धारित की गई हैं, जिसमें से अधिकतर मदिरा की ड्यूटी दरें गत वर्ष अनुसार यथावत रखी गई है। चीप रेंज एवं देशी मदिरा की ड्यूटी दरों में ही आंशिक परिवर्तन किया गया है। मदिरा के फुटकर विक्रय दरों का निर्धारण मदिरा की ड्यूटी दर, मदिरा की खरीदी दर, सीव्हीडी दर, अधिभार दर एवं ▶▶|शेष पेज 13 पर

- आबकारी विभाग ने स्थिति स्पष्ट की


## रायपुर और राजनांदगांव में 32 डिग्री के तेवर, रात के मौसम में बदलाव नहीं

*पश्चिमी विक्षोभ का दौर जारी, 5 के बाद 8 फरवरी को नया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फरवरी के तीसरे दिन पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर और राजनांदगांव में सूरज ने अपने 32 डिग्री का तेवर दिखाया। इसके पूर्व रात के मौसम में किसी तरह का बदलाव महसूस नहीं किया गया। देश के मौसम को प्रभावित करने वाला पश्चिमी विक्षोभ 5 के बाद 8 फरवरी को भी सक्रिय होगा।

अभी सुबह-सुबह ठंड के कारण गर्म कपड़े की आवश्यकता होती है, इसके बाद दिन चढ़ने के साथ ही धूप अपना असर दिखाने लगती है। पिछले तीन दिन से सबसे अधिक तापमान वाले शहर में रायपुर के साथ राजनांदगांव का नाम भी जुड़ गया। मंगलवार को दोनों शहरों का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके अलावा राज्य के अन्य क्षेत्रों में मौसम अपनी सामान्य स्थिति में रहा। अभी पेंड्रा, जगदलपुर और माना का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री पर टिका रहा। आने वाले दिनों में इसमें भी बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ, चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास विस्तारित है। कल 4 फरवरी को सरगुजा संभाग और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिलों में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।



## राहर दाल सालभर से 100 से 115 रुपए किलो बिकी, अब दाम 130 से 140 रुपए

# सालभर बाद राहर दाल 25 रुपए महंगी, खाद्य तेलों के भी बढ़े दाम

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य तेलों के साथ ही एक बार फिर से राहर दाल सहित अन्य दालें भी महंगी हो गई हैं। इस बार राहर दाल की फसल खराब होने के कारण इसके दाम अब ज्यादा हो गए हैं। जो दाल एक सप्ताह पहले अच्छी क्वालिटी की चिल्हर में 115 रुपए मिल रही थी, उसके दाम 140 रुपए हो गए हैं। साल भर बाद राहर दाल के दाम 25 रुपए बढ़े हैं। चावल के दाम नई फसल आने के बाद पहले कम हो गए थे, लेकिन अब वापस इनकी कीमत ज्यादा हो गई है।

लंबे समय से महंगाई थमने का नाम नहीं ले रही है। कभी कोई सामान को कभी कोई सामान महंगा हो जाता है। वैसे खाद्य तेलों में लंबे समय से राहत थी, लेकिन अब इसके दाम भी बढ़ गए हैं। खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा सोया तेल का उपयोग होता है। इसमें कीर्ति गोल्ड तेल की सबसे ज्यादा डिमांड रहती है। इसका उपयोग घरों के साथ छोटे से लेकर बड़े होटलों में होता है। इसके एक लीटर के दाम कुछ समय पहले थोक में 131 रुपए और चिल्हर में 135 रुपए चल रहे थे, लेकिन अब थोक में ही इसके दाम 137 रुपए हो गए हैं। ऐसे में चिल्हर में इसके दाम 145 रुपए हो गए हैं। कीर्ति गोल्ड का 15 किलो वाला टिन थोक में 2160 से 2300 रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 2400 रुपए मिल रहा है। इसी के साथ सनफ्लावर का 15 किलो का टिन 2280 से 2360 रुपए हो गया है। यह चिल्हर में 25 सौ रुपए हो गया है। फल्ली तेल एक लीटर थोक में 160 का 170 हो गया था। यह चिल्हर में 180 रुपए बिक रहा है। ▶▶|शेष पेज 13 पर



### चावल ने भी खाया भाव

नई फसल आने के बाद चावल के दाम दो से पांच रुपए तक कम हो गए थे, लेकिन अब वापस इसके दाम बढ़ गए हैं। पतला चावल जो पहले 55 रुपए किलो हो गया था, वह वापस 60 रुपए किलो हो गया है। इसमें अलग-अलग ब्रांड के दाम अलग-अलग हैं। इसके दाम 60 से 100 रुपए तक हैं। मोटा चावल थोक में 32 से 35 और चिल्हर में 35 से 40 रुपए किलो हो गया है।

### दालों में महंगाई का उबाल

राहर दाल के दाम बीते साल भर से बहुत कम थे। यह चिल्हर में 100 से 110 में मिल रही थी, लेकिन इसकी नई फसल आने के बाद इसके दाम बढ़ गए हैं। कारोबारियों के मुताबिक इसकी फसल खराब होने के कारण फसल कम हुई है। ऐसे में थोक में ही इसके दाम 125 से 130 रुपए और चिल्हर में 135 से 140 रुपए हो गए हैं। अन्य दालें भी दो से चार रुपए महंगी हुई हैं। चना दाल थोक में 72 रुपए, चिल्हर में 80 रुपए, मूंग दाल थोक में 100 से 110 और चिल्हर में 110 से 120 रुपए, उड़द दाल धुली थोक में 110 और चिल्हर में 120 रुपए, देशी चना थोक में 62 से 63 और चिल्हर में 70 रुपए, काबुली चना थोक में 90 और चिल्हर में 100 रुपए किलो बिक रहा है।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय बजट में किसानों के साथ न्याय नहीं किया : राजू

तरपोंगी। किसान नेता व पूर्व रायपुर जिला पंचायत कृषि सभापति राजू शर्मा ने कहा है कि केंद्रीय बजट में किसानों के लिए कुछ भी प्रावधान नहीं रखा



गया है। देश भर में फसल उत्पादन की लागत काफी बढ़ चुकी है खाद बीज और रासायनिक दवाइयां अत्यधिक महंगी हो चुकी है। अब किसानों के फसल की उत्पादन लागत में 50% जोड़कर समर्थन मूल्य करना चाहिए। बाजार में वास्तविकता यह है कि कोई भी फसल का उत्पादन समर्थन मूल्य में बिक्री नहीं हो पाता शर्मा ने कहा है कि देश की आत्मा किसान और गांव में बसती है। किसान देश के रीढ़ की हड्डी है कृषि के अलावा अन्य किसी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त नहीं हो पाता जब तक किसान आत्मनिर्भर नहीं होगा तो देश किसी भी स्थिति में विकास नहीं कर सकता। छत्तीसगढ़ सहित संपूर्ण देश के किसानों को उम्मीद थी कि सभी फसलों की अच्छी कीमत खरीदी की जाएगी पर्याप्त मात्रा में खाद बीज कृषि उपकरण रासायनिक खाद सिंचाई योजना का विस्तार किया जाएगा। लेकिन बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

### तमासिवनी उपकेंद्र में रजत जयंती समारोह का आयोजन



आरंग। छत्तीसगढ़ राज्य पावर लिमिटेड के अंतर्गत अभनपुर क्षेत्र के तमासिवनी उपकेंद्र में रजत जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभनपुर जनपद पंचायत कृषि सभापति विवेक तिवारी उपस्थित रहे। विशिष्ट रूप से सरपंच श्याम साहू (तमासिवनी), चंपारण मंडल अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि तोषण साहू, मंडल कोषाध्यक्ष निर्मल साहू एवं कार्यालय प्रभारी बलराम साहू कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि बिजली ऊर्जा हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चाहे कृषि क्षेत्र हो, घरेलू उपयोग हो या बड़े-बड़े उद्योग, बिजली के बिना सब अधूरा है। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सौर ऊर्जा के माध्यम से अधिक से अधिक बिजली उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि इससे आने वाले समय में ऊर्जा संकट से मुक्ति मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन करने वाले हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

### भागवत कथा सुनकर लौट रहे श्रद्धालु की सड़क हादसे में मौत

अभनपुर। ग्राम उपरवारा में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा से लौट रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार भैसबोड जिला धमतरी निवासी ओंकार साहू अपने ससुर के घर ग्राम उपरवारा में चल रहे भागवत महापुराण कथा का श्रवण करने 1 फरवरी रविवार को पहुंचा हुआ था, 2 फरवरी को कथा सुनने के पश्चात शाम लगभग 4:30 बजे वह अपने मोटरसाइकिल स्लेंडर प्लस (क्रमांक सीजी 04- डी डब्लू -8046) से अपने घर भैसबोड लौट रहे थे। इसी दौरान आयुष विश्वविद्यालय के आगे तालाब के पास, उपरवारा नया रोड पर पानी टैंकर ट्रक (क्रमांक सीजी 09- बी -0799) के चालक ने गलत दिशा से तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में ओंकार साहू को गंभीर एवं अंदरूनी चोटें आईं। उन्हें उपचार हेतु सीएचसी अभनपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने टैंकर चालक के विरुद्ध धारा 106(1) बीएनएस एवं 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सृजन उत्सव, स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान

आरंग। सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आरंग में वार्षिकोत्सव व प्रतिभावान छात्र/छात्राओं के सम्मान का आयोजन 4 फरवरी दोपहर 11 बजे से किया जा रहा है। जिसमे मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब (कैबिनेट मंत्री – कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विकास, छत्तीसगढ़ शासन), अध्यक्षता डॉ. संदीप जैन (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, आरंग), अति विशिष्ट अतिथि ध्रुव कुमार मिर्धा (अध्यक्ष – चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ शासन), विशिष्ट अतिथि लखन लाल सोनकर (अध्यक्ष, सोनकर समाज, आरंग राज), हीरामन कोसले (उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, आरंग), दीक्षा सूरज सोनकर (पार्षद), भानमती राकेश सोनकर (पार्षद), नगर पालिका परिषद, आरंग के समस्त गणमान्य पार्षदगण खिलावन निषाद, उमाकांत यादव, नरेंद्र लोधी, ईश्वर पटेल, खुशबू राकेश शर्मा, समीर सागीर गोरी, पुष्कर साहू, संतोष लोधी, वीरेंद्र गोलू कंडरा, सुनीता विनायक धुरंधर, चित्रलेखा विक्रम परमार, शरद जीतू गुप्ता, सेवती तोषण साहू, शालेय प्रबंधन समिति पदाधिकारीगण संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छात्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, सह-सांस्कृतिक प्रभारी आरती सचकपूर एवं समस्त शिक्षकवृंद उपस्थित होंगे।

---

**जयंती : उपमुख्यमंत्री ने आरंग में संत रविदास जयंती पर की 1.10 करोड़ की घोषणा की**

# संत रविदास की शिक्षाएं एकता, सद्भावना और चरित्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक : विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

भक्ति आंदोलन के महान संत और समाज सुधारक संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आरंग के रविदास नगर पहुंचे। इस गरिमामयी कार्यक्रम में उन्होंने न केवल समाज को समरसता का संदेश दिया, बल्कि क्षेत्र के विकास के लिए बड़ी आर्थिक घोषणाएं भी कीं।रविदास नगर आगमन पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक और भव्य तरीके से उपमुख्यमंत्री का स्वागत किया। श्री शर्मा ने संत रविदास जी के मंदिर में मत्था टेककर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा के नेतृत्व में यहां प्रतिवर्ष इस जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने भावुक होते हुए कहा, मैं पहले यहाँ भाजपा के एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में आया था, और आज आप सबके स्नेह और आशीर्वाद से इस पद पर पहुंचकर पुनः आपके बीच हूं।



**ये रहे शामिल**–उन्होंने मुगलों द्वारा थोपी गई विभाजनकारी विचारधारा का डटकर विरोध किया। उनका मानना था कि यदि समाज जातियों में बंटा रहा, तो राष्ट्र कभी भी विदेशी बेड़ियों को नहीं काट पाएगा। इस भव्य कार्यक्रम में योग आयोग अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, सर्व रविदास समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विजय मेहरा, छत्तीसगढ़ मेहर समाज के अध्यक्ष खेमराज बाकरे, रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष टाकेश्वरी मुरली साहू, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता केके भारद्वाज, रविदास समाज नगर अध्यक्ष सुनील अजगर, रामू मिर्धा, छबीलो सोनवानी, खेमा राम मिर्धा, पार्षद नरेंद्र लोधी, संतोष लोधी, वीरेंद्र कंडरा, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश साहू, जनपद सदस्य लुकेश साहू, पार्षद प्रतिनिधि तोषण साहू, विक्रम परमार, राकेश सोनकर, अविनाश साहू, सुशील जलक्षत्री, खूबचंद साहू, पंकज शुक्ला, सूरज शर्मा, यशपाल लोधी सहित बड़ी संख्या में रविदास समाज एवं नागरिक गण उपस्थित रहे।

### सामाजिक एकजुटता को मिलेगी नई शक्ति

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में संत रविदास जी की शिक्षाओं पर जोर देते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी एकता, सद्भावना और चरित्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने समाज में सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया। समाज के उत्थान के लिए उप मुख्यमंत्री ने कई बड़ी घोषणाएं की जिसमें रविदास नगर रंगमंच में शेड निर्माण के लिए 20 लाख रुपए और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में 09 स्थानों पर रविदास समाज के भवन निर्माण के लिए प्रति भवन 10-10 लाख रुपए (कुल 90 लाख रुपए) देने की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री का यह दौरा आरंग के रविदास समाज के लिए हर्षोल्लास लेकर आया। विकास कार्यों की इन घोषणाओं से स्थानीय बुनियादी ढांचे और सामाजिक एकजुटता को नई शक्ति मिलेगी। अपने उद्बोधन में छग चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि मुगल काल के दौरान भारत को भीतर से कमजोर करने के लिए समाज को जातियों में बांटने और संप्रदायों में संघर्ष पैदा करने की गहरी साजिशें रची गईं। जब विदेशी आक्रांता तलवार के दम पर देश की आत्मा को कुचलना चाहते थे, तब संत रविदास जी ने 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' का मंत्र देकर भारतीयों को स्वाभिमान से जीना सिखाया।

---

## बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का हल्ला बोल, रायपुर एसपी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



रायपुर ग्रामीण जिले में बिगडती कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने रायपुर एसपी को एक ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन देने पहंचे कांग्रेस के नेताओ ने जिले की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।नेताओ ने चेतावनी देते कहा की अगर करवाई नही की गई तो कांग्रेस गृह मंत्री विजय शर्मा के आवास का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा, पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, तिल्दा के पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक सहित तिल्दा धरसीवा .आरंग, के नर्तो ने पुलिस अधीक्षक रायपुर श्वेता सिन्हा को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें पूरे जिले की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में तिल्दा में हो रही हत्या, चाकूबाजी, अपहरण सट्टेबाजी एवं ड्रग्स की खुली बिक्री।का आरोप लगते हुए अभनपुर में सराफा दुकान पर करोड़ों की हुई डकैती, राजधानी ढाबा में कैलाश तिवारी की मर्डर उल्लेख किया है।

### आरोपियों पर हल्की धाराएं लगाकर कार्रवाई

ज्ञापन में खरोरा मोजो मशरूम के श्रमिकों के साथ हुई मारपीट माठ की महिला से हुए बलात्कार के बाद कोई गिरफ्तारी नहीं चिचोली अवैध शराब बिक्री एवं चाकूबाजी का आरोप लगते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन में धरसींवा सिलतरा मंदिर हसौद, आरंग क्षेत्र में हो रहे क्राइम और गांव-गांव में बिक्र रहे अवैध शराब, सुखा नशे पर चिंता जताते हुए आरोप लगाया है की ये सब कुछ पुलिस की देखरेख में हो रहा है। ज्ञापन में यह भी लिखा गया है कि कई ऐसे मामले हैं। जिस पर पुलिस के द्वारा कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं कई ऐसे भी मामले हैं जिसमें आरोपियों पर हल्की धाराएं लगाकर कार्रवाई की गई है। कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन को ठोस कार्रवाई के लिए समय-सीमा दी है। यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण क्षेत्रीय निवासियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ गृह मंत्री श्री विजय शर्मा के आवास का घेराव कर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कांग्रेस का कहना है की पार्टी अपराध-मुक्त, न्यायपूर्ण एवं सुरक्षित छत्तीसगढ़ के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। भाजपा सरकार की विफलता अब छिप नहीं सकती। रायपुर ग्रामीण एसपी को ज्ञापन सपने वाले में रायखेड़ा के जनपद सदस्य प्रकाश सगरवंशी राय खेड़ा के सरपंच दिनेश वर्मा राय खेड़ा के उप सरपंच सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## बिना बर्तन के बनाए 40 प्रकार के व्यंजन, आकर्षक मीनार रही केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सोमवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा के स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राएँ प्रभारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवं गिधवा के शिक्षक डोमन डहरिया के मार्गदर्शन में साइकिल से मुनिबाबा आश्रम छटेरा हाइक पर पहुँचे। वहाँ चौराहे पर पहुँचते ही बच्चों ने स्वच्छता व जन-जागरूकता पर नारे लगाए, नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया तथा मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। शिक्षक महेंद्र पटेल ने बताया कि स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राओं को चार दलों में बाँटा गया था। सभी दलों के लिए बिना बर्तन के अधिक से अधिक पकवान बनाने की प्रतियोगिता रखी गई थी, जिसमें सुभाष दल प्रथम, रानी लक्ष्मीबाई दल द्वितीय, रानी दुर्गावती दल तृतीय



तथा भगत सिंह दल चतुर्थ स्थान पर रहे। इस हाइक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत आरंग के उपाध्यक्ष रवींद्र रिंकु चंद्राकर रहे। उन्होंने बच्चों व शिक्षकों का उत्साह देखते हुए एक हजार रुपये नगद प्रदान किए तथा विभिन्न प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से कहा कि वर्तमान में पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ अन्य गतिविधियों से भी बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है।

### रचनात्मकता और सेवा भावना की सराहना

उन्होंने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि या तो जीत मिलती है या सीख दोनों परिस्थितियों में हमें कुछ न कुछ सीखने को अवश्य मिलता है। उन्होंने बहुत ही कम समय में स्काउट-गाइड के बच्चों द्वारा बिना बर्तन के करीब चालीस प्रकार के व्यंजनों को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही स्काउट-गाइड प्रभारी शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल, डोमन डहरिया सहित अन्य शिक्षक दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर प्रसाद साहू एवं शिक्षिका संगीता पाटले द्वारा बच्चों को सहयोग व प्रेरित करने की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि आज समाज के लिए कार्य करने वाले लोग बहुत कम हैं। राष्ट्रीयता की भावना, सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण एवं संस्कृति संरक्षण सहित जन-जागरण की दिशा में इस प्रकार के रचनात्मक कार्य जनमानस के लिए प्रेरक हैं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मार्च पास्ट एवं स्काउट गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही आकर्षक मीनार की श्रृंखला बनाई, जो आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

---

## टेकारी सरपंच पर लोहे की रॉड से हमला दो सगे भाई गिरफ्तार, मुख्य आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा




धरसींवा से लगे ग्राम टेकारी के वार्षिक मड़ई मेले में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कुछ युवकों ने सरपंच पर प्राणघातक हमला कर दिया। हमलावरों ने गांव के सरपंच चंद्रकांत वर्मा की हत्या की नीयत से उनके सिर पर लोहे की रॉड से वार किया और बीच-बचाव करने आए अन्य ग्रामीणों को भी बुरी तरह पीटा। विधानसभा पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी सहित चार अन्य अब भी फरार हैं। मिली जानकारी के अनुसार, 30 जनवरी की रात ग्राम टेकारी में मड़ई मेले के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मंच का संचालन गांव के सरपंच चंद्रकांत वर्मा कर रहे थे। 31 जनवरी की सुबह करीब 4:30 बजे गांव के ही गजेंद्र वर्मा, दिलेंद्र निषाद, भूपेश कुमार निषाद, मुकेश निषाद और विश्वकर्मा बंधु कार्यक्रम में बाधा डालने लगे। जब सरपंच ने उन्हें शोर-शराबा करने से मना किया, तो आरोपी आक्रोशित हो गए और अश्लील गालियां देते हुए मंच के पास पहुंच गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि सभी आरोपियों ने 'आज इसे जान से खत्म कर देते हैं' कहते हुए सरपंच पर हमला बोल दिया। इस दौरान मुख्य आरोपी गजेंद्र वर्मा ने पास रखी लोहे की एक मोटी रॉड से सरपंच के सिर पर प्राणघातक वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने से सरपंच लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े, जिसके बाद अन्य आरोपियों ने उन पर लात-घूसों की बरसात कर दी। हमले को देख जब कामेश वर्मा, यशवंत धीवर और यशकांत वर्मा बचाव के लिए दौड़े, तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा और उनके साथ भी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित पक्ष की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(2) के तहत मामला दर्ज किया था। विवेचना के दौरान हमले की गंभीरता और गवाहों के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामले में हत्या के प्रयास की धारा 109(1) और दंगा भड़काने की धारा 191(3) को भी जोड़ा है। पुलिस ने मंगलवार दोपहर आरोपी ईश्वर प्रसाद विश्वकर्मा (31 वर्ष) और मनीष विश्वकर्मा (28 वर्ष) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### फरार आरोपी को जल्द करेंगे गिरफ्तार

शिवेंद्र राजपूत थाना प्रभारी, विधानसभा रायपुर ने कहा की मड़ई मेले में सरपंच पर हुए हमले की शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास (धारा 109-1 **BNS**) सहित अन्य कड़ी धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी गजेंद्र वर्मा और अन्य फरार साथियों की तलाश के लिए टीम लगा दी गई है, उन्हें भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

---

## भगवताचार्य पं. सत्यम दीवान ने संडी के बच्चों को दिया आंशिक न्योता भोज

**आरंग।** राजा मोरध्वज की पावन नगरी आरंग के नवोदित भागवत कथा प्रवक्ता एवं भजन प्रवाहक पं. सत्यम दीवान ने 'आओ खुशियाँ बाँटें' अभियान के तहत अपने जन्मदिन के अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय संडी के बच्चों को आंशिक न्योता भोज देकर अपने जन्मदिन की खुशियाँ बाँटीं। उन्होंने कहा कि बाँटने से खुशियाँ बढ़ती हैं, आनंद बटोरने में नहीं, बल्कि बाँटने में है। उन्होंने बताया कि जहाँ एक ओर मध्यान्ह भोजन रसोइयों की हड़ताल जारी है, वहीं दूसरी ओर मनपसंद स्वल्पाहार पाकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न नजर आए। न्योता भोज में समोसा, जलेबी और केला पाकर विद्यालय के बच्चे गदगद हो उठे। इस कड़ी में आचार्य सत्यम दीवान ने गोवंश को हरी शाक-



सब्जी एवं चारा अर्पित कर गौमाता का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक पं. छत्रधर दीवान, किरण दीवान, सीएसी युवराम साहू, तुमेन्द्र कोटरे, अरुण कुमार धीवर, गणेश राम साहू, आरएस कुंजे, वीर सिंह ध्रुव आदि की उपस्थिति रही। बच्चों एवं सभी शिक्षकों ने सत्यम महाराज को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए इस आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बजट देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा : साहू

**अभनपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अपना नौवां आम बजट प्रस्तुत किया। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए सरपंच एवं भाजपा नेता नेहरू लाल साहू ने इसे आत्मनिर्भरता, समावेशी और विकासोन्मुखी बताते हुए देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मजबूत कदम करार दिया। नेहरू लाल साहू ने कहा कि यह बजट आम आदमी, गरीब, किसान, युवा और मध्यम वर्ग को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, रोजगार सृजन, आत्मनिर्भर भारत और तकनीकी सशक्तिकरण को विशेष प्राथमिकता दी गई है, जो आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ करेगा। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर, स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर मिशन और बायो-फार्मा सेक्टर के लिए किए गए प्रावधान दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती प्रदान करेंगे। यह बजट लोक-लुभावन नहीं बल्कि सुधारवादी सोच पर आधारित है, जो सतत विकास को गति देगा।

## गिरोला क्रिकेट कप, फाइनल में मेजबान गिरोला ने मारी बाजी

**अभनपुर।** ग्राम गिरोला में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जनपद पंचायत सभापति ब्रह्मानंद साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य धनेश्वरी डांडे, फ़तीश साहू, टिकेंद्र बघेल तथा प्रमोद मंडल उपसरपंच शामिल हुए। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना को जीवन में अपनाने की बात कही। क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्राम गिरोला की टीम ने प्रथम स्थान, नायक बांधा की टीम ने द्वितीय स्थान तथा गातापार की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम गिरोला को 31 हजार रुपये, उपविजेता नायकबांधा को 17 हजार रुपये एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली गातापार टीम को 6 हजार रुपये नकद राशि एवं मेडल प्रदान किए गए। इस आयोजन को सफल बनाने में आयोजक क्रिकेट टीम के अध्यक्ष मयंक साहू, उपाध्यक्ष त्रिलोक साहू, संरक्षक देवा साहू, चुम्मन साहू, हरक साहू, गजेंद्र साहू, हेमंत साहू, भुवन साहू सहित ग्रामवासी एवं खेल प्रेमियों का विशेष योगदान रहा।

---


**तिल्दा-नेवरा में धूमधाम से मनाया गया प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव**

# श्री राम का जीवन ही मर्यादा का सबसे बड़ा पाठ : टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा-नेवरा स्वर्गीय सोमचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वाधान में बीएनबी स्कूल मैदान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद श्री राम कथा के तीसरे दिन मंगलवार को भगवान श्री राम के दिव्य जन्मोत्सव का प्रसंग कथा व्यास अयोध्या की प्रख्यात मानस विदुषी दीदी देवी चंद्रकला ने रोचक शैली में सुनाई। इस दौरान पूरा कथा पंडाल 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। जैसे ही व्यास पीठ से भय प्रगट कृपाला, दीनदयाला/" का स्वर गूँजा, हजारों श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे और पूरा पंडाल पुष्प वर्षा एवं शंखनाद से सराबोर हो गया।इस मौके पर मंत्री टंक राम वर्मा जी ने कहा कि श्री राम का जीवन ही मर्यादा का सबसे बड़ा पाठ है।

देवी ने कहा जब धरती पर अनैतिकता, अधर्म और अहंकार बढ़ता है, तब प्रभु अलग -अलग मानव रूप में इस धरती पर अवतार लेते हैं। हलाकि आज धर्म की हानि का समय बड़ा आधुनिक हो गया है। पढ़ना लिखना बुरी बात नहीं है, पढ़ाई लिखाई ज्ञान की महता सदैव से चली आ रही है । पर



ज्ञान प्राप्त करने के बाद अपनी संस्कृति को भुला देना यह ज्ञान की पराकाष्ठा ज्ञान की श्रेणी में नहीं ले सकती है। ज्ञान प्राप्त करने का तात्पर्य यह है अपने धर्म संस्कृति के प्रति और मजबूत होना चाहिए और लेकिन पढ़ लिखने के बाद हमें ऐसा लगता है, जैसे हम बड़े वैज्ञानिक बन गए और फिर कहने लगते हैं विज्ञान में जो नहीं दिखता है वह नहीं होता है। दीदी चंद्रकला ने प्रसंग का तात्पर्य बताते हुए कहा कि हम यहां बैठे हैं बिजली चालू है। सभी को पता है तारों में करंट है लेकिन करंट दिखती नहीं है, अगर हम कहें की करंट नहीं दिख रही और उसे छुएंगे तो करंट तो हमें लगेगी। यदि आज की लिखी बातों को पढ़कर उसे मानकर हम कहे कि भगवान दिख नहीं रहा है भगवान नहीं हो सकता । यानी कि हम आज की लिखी बातों पर पूरा भरोसा कर रहे हैं। ऐसे में हजारों साल पुरानी लिखी वेद पुराण की बातों को कैसे नहीं मानेंगे।

### भगवान का नाम जपने से सहनशीलता मिलती है

दीदी ने कहा भगवान नाम का जाप करने से दुखों को सहने की शक्ति प्राप्त हो जाती है यदि मनुष्य को संसार में रहना है तो सहने की आदत भी उसे डालनी पड़ेगी जो सहनशीलता होती है वह कभी अपने दुखों की किसी से कहता नहीं है आज लोगों में सहनशीलता कम होती जा रही है विज्ञान जहां खत्म होता है वहां भारत का धर्म विज्ञान शुरू होता है और उसे ऋषि मुनियों ने कई बार सिद्ध किया है। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव प्रसंग के समय कथा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। अवतार प्रसंग के साथ ही पूरा क्षेत्र 'जय श्रीराम' के उद्घोष से भक्तिमय हो गया। कथा में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री माननीय टंक राम वर्मा एवं आयोजन के मुख्य संयोजक पुष्पराज वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेश अग्रवाल, भाजपा नेता राम पंजवानी, उधोग पति, घनश्याम अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष मनहरे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। इस मौके पर मंत्री वर्मा ने व्यास पीठ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। आयोजन समिति के प्रमुख संयोजक पुष्पराज वर्मा ने बताया कि सात दिवसीय श्री राम कथा के माध्यम से क्षेत्र में धर्म, संस्कार और भक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कथा का समापन प्रतिदिन भजन-कीर्तन एवं आरती के साथ किया जा रहा है।

आज तेरहवीं



स्व.श्रीमती स्वर्णलता शर्मा

आप खास थीं और खास रहेंगी माँ, आप नहीं तो क्या हुआ।
आपकी तस्वीर हमारे पास रहेंगी माँ

अत्यंत दुःख के साथ आपको सुचित करना पड़ रहा है कि हमारी पुज्यनीय माताजी श्रीमती स्वर्णलता शर्मा पति स्व. राजेन्द्र शर्मा (संडी वाले) का आकस्मिक स्वर्गवास दिनांक 23.01.2026, दिन-शुक्रवार को हो गया है। अतः आप सपरिवार पधारकर मृतात्मा को शांति प्रदान कर हमें अनुग्रहित करें ।

कार्यक्रम
तेरहवीं एवं शांतिभोज- बुधवार, 04.02.2026 (समय - दोपहर 1 से 4 बजे)
निज निवास - लक्ष्मी विहार कॉलोनी, आरंग लाईफ लाईन हॉस्पिटल के पास

शोकाकुल :
सोहन लाल शर्मा (ज्येष्ठ)
सागर शर्मा (ज्येष्ठ पुत्र)
सार्थक, संचित, (नाती)
एवं समस्त तिवारी परिवार....
संडी (भानसोज)

विनीत :
पूजा - अखिलेश शर्मा (पुत्री-दामाद)
अर्चना - सूरज शर्मा (पुत्री-दामाद)
पायल - जितेन्द्र शुक्ला (पुत्री-दामाद)
प्रियांश, आयुष्मान, संकल्प
मो. 99770 49000, 99776 00678

नोट- जिस सज्जन को यदि आमंत्रण नहीं मिला हो तो इसे ही आमंत्रण स्वीकार करने की कृपा करेंगे।

# एससी जाति प्रमाण पत्र मामले में केंद्र का आदेश- 94 में जारी फार्मेट ही होगा लागू

हरिभूमि न्यूज रायपुर

केंद्र सरकार ने एक आदेश के जरिए साफ किया है कि अनुसूचित जाति (एससी) के जाति प्रमाण पत्रों के मामले में केंद्र द्वारा वर्ष 1994 में जारी फार्मेट पर आधारित प्रमाण पत्र ही मान्य किए जाएंगे। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने भी राज्य के संबंधित अधिकारियों के लिए आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में सचिव, छत्तीसगढ़ शासन,राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य के सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टरों के साथ सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के लिए आदेश जारी किया है।

अलग खबर

## केंद्र के आदेश के बाद राज्य ने जारी किया निर्देश

### केंद्र ने राज्य को भेजे आदेश में कही ये बात

भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (अनुसूचित जातियों की सूचियों का संशोधन प्रकोष्ठ) से प्राप्त पत्र एवं 19 जनवरी 2026 एवं कार्यालयीन ज्ञापन 10 अगस्त 1994 में दिये गये निर्धारित प्रारूप अनुसार, केन्द्रीय सेवाओं एवं संस्थाओं में प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति का सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने संबंधी कार्यवाही के संबंध में आदेश जारी किया है।



### 1994 के फार्मेट में बने प्रमाणपत्र स्वीकार करें

केंद्र ने ये भी कहा है कि सभी केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों और राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेश प्रशासनों को फिर से दोहराया जाता है कि सभी एससी उम्मीदवारों को सभी संबंधित फायदों के लिए निर्धारित फॉर्मेट (1994) में सभी नामित अधिकारियों द्वारा जारी किया गया अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र स्वीकार किया जाना चाहिए।

### अफसर नहीं स्वीकार रहे ये प्रमाणपत्र

*केंद्र सरकार के अधिकारी का कहना है कि इस विभाग के संज्ञान में आया है कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से संबंधित कुछ अधिकारी अनुसूचित जाति के सदस्यों को राज्य अधिकारियों द्वारा जारी किए गए अनुसूचित जाति प्रमाण पत्रों को स्वीकार नहीं कर रहे हैं, बल्कि वे अलग-अलग फॉर्मेट में सामाजिक स्थिति प्रमाण पत्र पर जोर दे रहे हैं, जिससे अनुसूचित जाति के सदस्यों को उचित लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। कुछ अधिकारियों द्वारा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (अब सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र को उनके उचित फॉर्मेट में प्रस्तुत करने पर जोर देने के कारण एससी एसटी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों को होने वाली कठिनाइयों के कारण, सभी मंत्रालयों, विभागों से अनुरोध किया था कि वे केवल निर्धारित प्रोफार्मा में जारी जाति प्रमाण पत्र को स्वीकार करें।*

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल डेका से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में सौजन्य भेंट की। श्री देव ने पुष्पगुच्छ भेंटकर श्री डेका का अभिनन्दन किया।

### भाजयुमो की आज बैठक

**रायपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को प्रदेश कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में 12 बजे रखी गई है। बैठक में भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का मार्गदर्शन मिलेगा। बैठक में भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा सहित मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी एवं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष शामिल होंगे।

### शिवसेना के प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर से की मुलाकात



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में शिवसेना के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को डॉ. संजीव शुक्ला आयुक्त रायपुर कमिश्नरेट से भेंट कर रायपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। शिवसेना पार्टी आम नागरिकों की समस्याओं को लेकर लगातार सजग है और उनके समाधान के लिए हर स्तर पर संवाद व प्रयास जारी रखेगी।

### बिजली विभाग ने महंत का किया सम्मान



**रायपुर।** बिजली विभाग ने 'पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना' के तहत अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाने वाले जागरूक उपभोक्ताओं को सम्मानित किया है। इसी कड़ी में मंगलवार को बुढ़ापारा हनुमान मंदिर के महंत पं. राजेश शर्मा का भी सम्मान किया गया। उन्होंने अपने घर में बिजली बचत के लिए सोलर पैनल लगवाया है। इस अवसर पर बिजली विभाग के स्टॉफ और अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मंडल भवन में निशुल्क कार्डियक कैंप 8 को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल और प्रथमेश कार्डियक इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में चौबे कॉलोनी स्थित मंडल भवन में 8 फरवरी को निशुल्क कार्डियक कैंप लगाया जा रहा है। इसमें मुफ्त हृदय रोग परामर्श, उच्च रक्तदाब व मधुमेह की जांच, ईसीजी जांच, लिपिड प्रोफाइल, एचबीए1सी की जांच, हृदय रोग से संबंधित परामर्श और मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रथमेश हॉस्पिटल के डॉ. गौरव त्रिपाठी और डॉ. सुलभ चंद्राकर ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल में रविवार को लगाए जा रहे शिविर में सीने में दर्द और घबराहट, सांस फूलना, हाई बीपी व डायबिटीज और जांच रोग का पारिवारिक इतिहास जानने के इच्छुक मरीजों को जरूर आना चाहिए। शिविर में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र मंडल में अग्रमि पंजीयन कराना आवश्यक है।

## निर्माण कार्यों की लचर व्यवस्था सुधारने की हिदायत, समय पर पूरा हो काम

# सीजीएमएससी की समीक्षा में खरी-खरी, स्वास्थ्य मंत्री की दो टूक- आंकड़े नहीं काम बताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासकीय चिकित्सा संस्थानों को दवाइयों सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराने वाले सीजीएमएससी की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अफसरों को आड़े हाथों लिया। दवाइयों, उपकरणों की खरीदी के लिए जारी टेंडर की जानकारी पर उन्होंने आंकड़ा नहीं, पूरे किए गए काम बताने की हिदायत दी। संबंधित खरीदी हर हाल में 31 मार्च तक पूरा करने और लचर निर्माण कार्यों को तेजी के साथ समय पर पूरा करने कहा।

सीजीएमएससी द्वारा काफी समय से थोक में टेंडर जारी किए गए हैं मगर वर्क आर्डर किसी पर जारी नहीं किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की मौजूदगी में हुई समीक्षा बैठक के दौरान यह मामला सामने आया। उन्होंने जारी टेंडरों की संख्या बताने के बजाए अफसरों को पूरा किए गए कार्यों के बारे में बताने जोर दिया। अफसरों को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में अति आवश्यक दवाइयों की कमी नहीं होनी चाहिए और उनकी आपूर्ति समय पर सुनिश्चित की जाए। दवा आपूर्ति प्रणाली को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता, स्टॉक एवं एक्सपायरी की रीयल टाइम जानकारी प्राप्त करने हेतु एक लाइव ट्रैकिंग सिस्टम विकसित करने के निर्देश दिए। दवाइयों एवं मेडिकल उपकरणों के गुणवत्ता परीक्षण से संबंधित सभी मापदंडों का कठोरता से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।




**खास बातें**

- जारी टेंडरों की संख्या बताने के बजाए अफसरों को पूरा किए गए कार्यों के बारे में बताने जोर दिया

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक महस्के, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, सीजीएमएससी के एमडी रितेश अग्रवाल के साथ अन्य अफसर मौजूद थे।

### उठाव नहीं करने वालों पर कार्रवाई होगी

बैठक के दौरान यह बात सामने आई कि कई जिले दवाईयों की बड़ी डिमांड भेजते है। प्रक्रिया पूरी करने के बाद जब दवा उठाव की बारी आती है तो उनकी द्वारा लापरवाही की जाती है। मंत्री ने ऐसे जिलों के जिम्मेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगले दो महीने में सभी अत्यावश्यक मेडिकल उपकरणों की खरीदी पूर्ण करने तथा प्रयोगशालाओं के लिए रिएजेंट की उपलब्धता शीघ्र सुनिश्चित की जाए।

### कालेज निर्माण की सुस्ती पर नाराज

स्वास्थ्य मंत्री ने महासमुंद, कांकेर एवं कोरबा मेडिकल कॉलेजों के निर्माण कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बरती जा रही सुस्ती पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए निर्धारित कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही राज्य में 12 नवीन नर्सिंग कॉलेज एवं 6 नवीन फिजियोथेरेपी कॉलेजों के निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने पर जोर दिया गया।

## 30 समस्याओं का तत्काल निदान

# भाजपा का सहयोग केंद्र प्रारंभ श्याम बिहारी ने सुनीं समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा का सहयोग केंद्र मंगलवार से फिर से प्रारंभ किया गया है। पहले दिन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं ओर उनके साथ पहुंचे उनके क्षेत्र के आमजनों की समस्याएं सुनीं। 150 से ज्यादा लोग पहुंचे। 58 आवदेनों में अलग-अलग समस्याएं और मांगें सामने आईं। 30 समस्याओं का तत्काल निदान किया गया। बाकी समस्याओं के निदान के लिए विभागीय मंत्रियों को आवेदन भेज दिए गए हैं।

- 150 से ज्यादा लोग पहुंचे, 58 आवेदन मिले

ठाकरे परिसर में करीब तीन माह बाद फिर से भाजपा का सहयोग केंद्र प्रारंभ किया गया है। सहयोग केंद्र में रोज एक मंत्री बैठकर भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ उनके क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनेंगे। पहले दिन स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहयोग केंद्र में बैठें। उनसे मिलने के लिए भारी संख्या में कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के लोगों के साथ पहुंचे। जो समस्याएं मंत्री के सामने रखी गईं, उनमें पानी, बिजली, निर्माण कार्य के साथ कई तरह की मांगें भी शामिल हैं। इसी के साथ स्वेच्छा अनुदान से सहयोग के लिए अभी आवेदन आए। सहयोग केंद्र में मंत्री का सहयोग करने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश संगठन के महामंत्री नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी और कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज भी उपस्थित थे।

### आज मंत्री अग्रवाल सुनेंगे समस्याएं

*4 फरवरी को कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल सहयोग केंद्र में समस्याएं सुनकर समाधान करेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा महामंत्री अखिलेश सोनी रहेंगे। प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन 5 फरवरी को सहयोग केंद्र में प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन के साथ उपस्थित रहेंगे। 6 फरवरी को खाद्य मंत्री दयालदास बघेल सहयोग केंद्र में उपस्थित रहेंगे। उनके साथ प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रंजना साहू उपस्थित रहेंगीं।*

# रायपुर से भिलाई-दुर्ग की राह होगी आसान ट्रैफिक होगा फास्ट, जाम से मिलेगी मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर और ट्विन सिटी भिलाई-दुर्ग के बीच निर्बाध आवागमन एवं फास्ट ट्रैफिक के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर सिरसा गेट चौक तथा खुर्सीपार गेट चौक पर ग्रेड सेपरेटर बनाए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव की पहल पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इसके लिए 77 करोड़ 36 लाख रुपए मंजूर किए हैं। भारत सरकार द्वारा राज्य शासन के प्रस्ताव के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना के तहत इन दोनों जगहों पर ग्रेड सेपरेटर के निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

- सिरसा गेट और खुर्सीपार चौक पर बनेंगे ग्रेड सेपरेटर

### केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने स्वीकृत किए 77.36 करोड़



### होगा ये फायदा

रायपुर और दुर्ग के बीच सिरसा गेट एवं खुर्सीपार चौक पर ग्रेड सेपरेटर के निर्माण से दोनों ओर आने-जाने वाले वाहनों को कहीं भी रूकना नहीं पड़ेगा। दोनों शहरों के बीच कुम्हारी चौक, डबरा पारा, पॉवर हाउस चौक और सुपेला चौक पर पहले ही फ्लाईओवर्स के निर्माण किए जा चुके हैं। सिरसा गेट तथा खुर्सीपार चौक पर भी इसके निर्माण की मांग लोग लगातार कर रहे थे।

### उद्योगों को भी मिलेगी राहत

*जनआकांक्षाओं को देखते हुए तथा दोनों शहरों के बीच निर्बाध व फास्ट ट्रैफिक के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार के समन्वित पहल से इन दोनों जगहों पर ग्रेड सेपरेटर के निर्माण की मंजूरी मिली है। यह सड़क रायपुर-भिलाई-दुर्ग औद्योगिक क्षेत्र के लिए भी काफी महत्व रखती है। अब दोनों शहरों के बीच के सभी चौकों पर फ्लाईओवर्स एवं ग्रेड सेपरेटर्स के निर्माण से इस सड़क से गुजरने वाले यात्रियों के साथ ही यहां संचालित उद्योगों को भी काफी राहत मिलेगी।*

## प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक में बोले क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल

# किसान मोर्चा प्रदेश में भाजपा को और करेगा मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा किसान मोर्चा कार्यकारिणी की पहली बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल से कहा, किसान मोर्चा का काम बड़ा है। यह भाजपा का आधार स्तंभ है। किसान मोर्चा को पार्टी को प्रदेश में और मजबूत करने का बड़ा काम करना है। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, नवीन मार्कंडेय, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर उपस्थित रहे।

- किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को दायित्व मिलने के बाद यह पहली बैठक

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री जामवाल ने कहा, किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को दायित्व मिलने के बाद यह पहली बैठक है, इसके लिए उन्होंने सभी पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और कहा, भारत की लगभग 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित है तथा छत्तीसगढ़ में 85 प्रतिशत लोग सीधे या परोक्ष रूप से कृषि से जुड़े हैं। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश में भाजपा की मजबूती को और बेहतर करेगा। श्री जामवाल ने कहा, कोई भी पद छोटा या बड़ा नहीं होता। हम सभी को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार्य करने का अवसर मिला है। हमें अपने दायित्व की सीमाओं, कार्यक्षेत्र और जिम्मेदारियों को समझकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा।




### सदैव कार्यकर्ता भाव से कार्य करें : किरण देव

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता हैं इसलिए सदैव कार्यकर्ता भाव से कार्य करें। आज देश में पंचायत से लेकर संसद तक हमारी पार्टी का प्रतिनिधित्व है, इसलिए हमारे व्यवहार में संतुलन और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना आवश्यक है, जो कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन और संगठनात्मक सुदृढ़ता के लिए महत्वपूर्ण होगी। मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने कहा, भाजपा किसान मोर्चा भाजपा एवं सरकार के कार्यों को लेकर प्रदेश के हर किसान भाइयों से चर्चा करेंगे। श्री ठाकुर ने आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की एवं आने वाले समय में पार्टी के कार्यों एवं सरकार की योजनाओं को मोर्चा के माध्यम से हर घर तक पहुंचे इसके लिए लगातार कार्य करेंगे।

## सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लिखा पत्र, 9 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा


# छत्तीसगढ़ में धान खरीदी पर पूर्व सीएम बघेल ने सीएम साय पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ की सियासत में एक बार फिर 'धान' के मुद्दे पर घमासान शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को एक कड़ा पत्र लिखा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रदेश का किसान आज अनिश्चितता और आर्थिक दबाव के दौर से गुजर रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की समय-सीमा खत्म होने के बाद, बघेल ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए 9 बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा है।

भूपेश बघेल ने पूछा है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए सरकार ने धान खरीदी का कुल लक्ष्य कितना तय किया था और उसके मुकाबले अब तक कितनी खरीदी हो पाई है।

उन्होंने यह भी जानना चाहा है कि लक्ष्य के प्रतिशत की वास्तविक स्थिति क्या है। पूर्व मुख्यमंत्री ने पत्र में उन किसानों की संख्या पूछी है जिनका पंजीयन और टोकन कटने के बावजूद धान नहीं खरीदा जा सका। उन्होंने स्पष्ट किया कि तकनीकी कारणों और समय-सीमा समाप्त होने के कारण कई किसान आज भी परेशान हैं।



### सरकार का प्राथमिक कर्तव्य किसानों का सम्मान

भूपेश बघेल ने पत्र में लिखा है कि अन्नदाता की फसल का उचित मूल्य और उसके स्वाभिमान की रक्षा करना सरकार का प्राथमिक कर्तव्य है। प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण यदि किसान को आर्थिक नुकसान हुआ, तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

### सरकार ने लाखों किसानों का धान नहीं खरीदा, मोदी की गारंटी फेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी को लेकर कहा, 75 दिन तक सरकार को धान खरीदी करना था जो कि 53 दिन में ही समाप्त कर दी गई, लाखों किसान धान बेचने से वंचित रह गए, हजारो किसानों को टोकन नहीं मिला जिन्हे मिला भी उनसे जबरदस्ती आधा धान बेचने के लिए सहमति बनाने के लिए दबाव बनाया गया। उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में बताया कि सरगुजा, बस्तर, कांकेर समेत अलग-अलग जिलों का मैंने दौरा किया वहां के किसानों से मुलाकत भी की। किसान धान बेचने के लिए प्रदर्शन कर रहे थे और मुख्यमंत्री नौका विहार कर रहे थे। जो किसान कर्ज लिए थे उनका भी सरकार ने धान नहीं ख़रीदा। 'सवाल इस बात का है सरकार किसानों से अब ऋण वसूली कैसे होगी?

### एग्रीटेक पोर्टल में तकनीकी खामियां

*भूपेश बघेल ने आरोप लगाया कि एग्रीटेक पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण हजारों किसानों का रकबा शून्य या कम दर्शाया गया, जिससे वे धान बेचने से वंचित रह गए। उन्होंने पूछा कि ऐसे किसानों को हुए आर्थिक नुकसान का आकलन और भरपाई कैसे की जाएगी।*

### कर्ज में डूबे किसान, बैंक वसूली का डर

*पत्र में यह भी सवाल उठाया गया है कि जिन किसानों का धान नहीं खरीदा गया। क्या उन्हें बैंक ऋण वसूली से राहत दी गई है? भूपेश बघेल ने पूछा कि ऐसे कितने किसान हैं जो कर्ज अदायगी के लिए चिंतित हैं और यदि धान नहीं बिका तो वे किस्त कैसे चुकाएंगे?*

## उद्योगपति को फायदा पहुंचाने के लिए कवासी को जेल में किया गया था बंद- भूपेश

कवासी लखमा को जमानत मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, बस्तर के जननेता कवासी लखमा को जमानत मिल गई। समस्त प्रदेशवासियों, सभी बस्तरवासियों, समस्त आदिवासी समाज एवं कांग्रेसजनों को बधाई। उद्योगपति को फायदा पहुंचाने के लिए षड्यंत्रपूर्वक लखमा को जेल में बंद किया गया। कवासी लखमा आदिवासियों के हितचिंतक हैं, बस्तर के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं और कांग्रेस की मुखर आवाज हैं। लखमा को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत ने एक बार फिर इस बात को दर्ज किया है कि सत्य की लड़ाई में संघर्ष का सामना करना पड़ता है, लेकिन जीत सत्य की ही होती है।

### राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार बने लखमा

कांग्रेस के प्रदेश संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने जमानत को सत्य की जीत बताते हुए भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा, कवासी लखमा को केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों ने मिलकर कथित शराब घोटाले में षड्यंत्रपूर्वक फंसाया। एक वरिष्ठ आदिवासी नेता को महीनों तक राजनीतिक विद्वेष के चलते जेल में बंद रखा गया। उन्होंने कहा, सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं।

**खबर संक्षेप**

## शिक्षक भर्ती आदेश जारी

**रायपुर।** प्रदेश में शिक्षकों के 5 हजार पदों पर होने वाली भर्ती के लिए आदेश जारी कर दिया गया है। मंगलवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि बीते वर्ष अक्टूबर में 4708 पदों पर भर्ती के लिए विभागीय अनुमति प्रदान की गई थी। उपरोक्त पदों के अलावा राज्य सरकार द्वारा सहायक शिक्षकों के 292 पदों के सृजन की स्वीकृति पश्चात पद संख्या 5 हजार हो गई है। अब 4708 के स्थान पर 5 हजार पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

## भारत-अमेरिका ऐतिहासिक ट्रेड डील का टीआरईएसीजी ने किया स्वागत

**रायपुर।** द राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के प्रति भारत–अमेरिका ऐतिहासिक ट्रेड डील को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आभार व्यक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश जैन ने कहा कि यह दूरदर्शी पहल भारत की मजबूत कूटनीति, प्रभावी नेतृत्व और वैश्विक आर्थिक सशक्तता का प्रतीक है। यह ट्रेड डील भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को नई मजबूती प्रदान करेगी तथा निर्यात क्षेत्र को नई गति देगी। टीआरईएसीजी के अनुसार, इस समझौते से जीआई (भौगोलिक संकेत) टैग युक्त नॉन-बासमती चावल सहित कृषि, निर्यात, एमएसएमई एवं संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला से जुड़े करोड़ों हितधारकों को व्यापक लाभ मिलने की संभावना है। साथ ही, यह देश के युवाओं के लिए रोजगार, उद्यमिता और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भागीदारी के नए अवसर सृजित करेगा।

## छग को अनुकरणीय आदर्श राज्य बनाने सर्व समाज मिलकर निभाएंगे दायित्व



**रायपुर।** मसंद सेवाश्रम रायपुर के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी अंतर्गत महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शंकरनगर स्थित सिंधु पैलेस में छत्तीसगढ़ को देश का अनुकरणीय आदर्श राज्य बनाने के उपाय विषय पर रायपुर निवासी आदिवासी, सतनामी, अन्य पिछड़ा वर्ग, ब्राह्मण, सिंधी, पंजाबी, गुजराती, मराठी, उड़िया, अग्रवाल, दक्षिण भारतीय आदि सर्व समाज के पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। इस मौके पर सम्मेलन में वरिष्ठ पत्रकार मधुकर द्विवेदी, रायपुर की राष्ट्रीय ख्यातिनाम समाजसेवी संस्था बढ़ते कदम के संयोजक इंद्रकुमार डोडवानी, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत के अध्यक्ष, नगर निगम के संस्कृति विभाग प्रमुख, पार्षद अमरलाल गिदवानी, उड़िया समाज के प्रधान किशोर महानंद आदि सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में विषय की महत्ता प्रतिपादित करते हुए छत्तीसगढ़ को देश का अनुकरणीय आदर्श राज्य बनाने के लिए सर्व समाज द्वारा मिलकर दायित्व निभाने का संकल्प किया।

# पंडरी कपड़ा मार्केट की 19 सीलबंद दुकानों पर होगा निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास बातें**
- आयुक्त ने बनाई 3 सदस्यीय टीम
- एक सप्ताह में मांगी प्रतिवेदन रिपोर्ट
- दुकानों के दस्तावेजों की पड़ताल, यातायात पर पड़ने वाले दबाव का लेंगे जायजा




पंडरी कपड़ा मार्केट की 19 सीलबंद दुकानों को लेकर निगम आयुक्त विश्वदीप ने तीन सदस्यीय समिति का गठन कर एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन मांगा है। इस टीम में निगम के अपर आयुक्त, नगर निवेशक और जोन 2 के आयुक्त को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। टीम के सदस्य स्थल पर जाकर संबंधित दुकानों का दस्तावेज परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट निगम आयुक्त को देंगे। दरअसल, नगर निगम की टीम ने 8 माह पूर्व पंडरी कपड़ा मार्केट में बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 दुकानों को सील कर दिया। सड़क की तरफ नियम विपरीत दुकानों के शटर खोलते हुए कारोबार करने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। महापौर मीनल चौबे के दिशा-निर्देश पर मुख्यालय उड़नदस्ता और जोन 2 की टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में यह एक्शन लिया। निगम की इस कार्रवाई का पंडरी कपड़ा मार्केट के व्यापारियों ने जोरदार विरोध कर गेट पर ताला भी जड़ दिया था। पंडरी थोक कपड़ा मार्केट की 19 दुकानों को सीलबंद करने की कार्रवाई को लेकर प्रभावित व्यापारियों ने क्षेत्र के विधायक पुरंदर सहित अन्य जन प्रतिनिधियों तक दुकान की सील खुलवाने गुहार लगाई। यही नहीं, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने पंडरी कपड़ा मार्केट में रायपुर नगर निगम द्वारा ट्रैफिक जाम का हवाला देकर दुकानों को सील किए जाने की कार्रवाई का विरोध किया। निगम अधिकारियों के साथ इस मामले को लेकर बैठक हुई। इसके बाद भी दुकानों की सीलबंदी नहीं खोली गई। अब दुकान खोलने व्यापाारियों के आवेदन का निराकरण करने निगम आयुक्त विश्वदीप ने समिति गठित कर दी है। इसे सप्ताहभर में प्रतिवेदन देने कहा गया है।

### निगम का जल बोर्ड और जल विभाग बेसुध, गर्मी से पूर्व पेयजल समस्या

# कचना के स्वास्तिक नगर में जलसंकट से रहवासी त्रस्त, परशुराम नगर में नलों से आ रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम जोन 9 के कचना इलाके में स्थित स्वास्तिक नगर के सैकड़ों रहवासी पानी की समस्या से बेहद परेशान हैं। यहां अब तक नगर निगम ने पीने के पानी की पाइप लाइन नहीं बिछाई। बोरवेल के माध्यम से जल आपूर्ति होती रही है। पर इन दिनों पानी की समस्या बढ़ गई है। 800 लोगों की पेयजल जरूरत हिसाब से पीने पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। जोन 9 और निगम मुख्यालय में आवेदन देकर रहवासी थक चुके हैं। इसी समस्या को लेकर प्रभावित रहवासियों ने नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी से मुलाकात कर समस्या बताई, उन्होंने पहले टैंकर के माध्यम से सोसाइटी में पानी भिजवाया। मंगलवार को पेयजल संकट की समस्या जानने स्वास्तिक नगर पहुंचे। श्री तिवारी ने निगम आयुक्त विश्वदीप से स्वास्तिक नगर में तत्काल बोरवेल खनन कराने मांग की है। इधर शहर के महामाया मंदिर वार्ड स्थित परशुराम नगर में नलों से गंदा पानी आने से लोग परेशान हैं। यहां सप्ताहभर से यह स्थिति बनी हुई है।

- निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी पहुंचे भुक्तभोगियों के पास, बोरवेल खनन की उठाई मांग

### नेता प्रतिपक्ष का व्यू :

पीने के पानी की समस्या को लेकर स्वास्तिक नगर कचना के लोगों ने परेशानी बताई है। पिछले एक साल से वहां पानी की किल्लत है। प्रभावित इलाके में बोर खनन की मांग निगम आयुक्त से की है। महापौर सहित जल विभाग के जिम्मेदार यदि इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिए, तो हम कालोनीवासियों के साथ निगम मुख्यालय का घेराव करेंगे।

**- आकाश तिवारी,** नेता प्रतिपक्ष, नगर निगम रायपुर

### बोरवेल खनन का प्रस्ताव हेड आफिस भेजा है


कचना के स्वास्तिक नगर में पानी की समस्या दूर करने नए बोरवेल खनन का प्रस्ताव निगम मुख्यालय भेजा गया है। इसके साथ ही प्रभावित कालोनी में जोन के माध्यम से पानी टैंकर की व्यवस्था कर रहे हैं।

### 12 ब्लाक में 870 घर के लिए एक ही बोर : सोनू साहू

कचना के स्वास्तिक नगर स्थित प्रधानमंत्री आवासीय परिसर में रहने वाले सोनू साहू ने बताया कि पिछले दो साल से पानी की समस्या ज्यादा है। 12 ब्लाक में 870 घर के लिए मात्र एक ही बोरवेल है। एक ब्लाक में 58 घर है ऐसे में 12 ब्लाक के 870 घरों के हिसाब से एक ही बोरवेल होने से पानी कम पड़ रहा है। कई परिवार ऐसे हैं जिन्हें उपर के ब्लाक में पानी चढ़ाना पड़ता है। नगर निगम जोन 9 में हमने कई बार आवेदन किया, पर अधिकारी हमारी परेशानी सुन नहीं रहे। गर्मी शुरूआत मे ये हाल आगे जब गर्मी बढ़ेगी तब तो स्थिति और विकराल हो सकती है। नेता प्रतिपक्ष से हमने अपनी समस्या बताई तो 2 पानी टैंकर की व्यवस्था कराई है। पर पेयजल की मांग के हिसाब से यह कम है। बोरवेल खनन की डिमांड कर रहे हैं।

### हर बार टैंकर के लिए किचकिच, स्थायी समाधान हो : महेन्द्र जाटवार

25 नंबर ब्लाक के 12 नंबर क्वार्टर में रहने वाले महेन्द्र जाटवार का कहना है 2 साल से वे स्वास्तिक नगर में रह रहे हैं। नगर निगम ने यहां अब तक पेयजल व्यवस्था के लिए पाइप लाइन नहीं बिछाई। हर साल पानी टैंकर के लिए किचकिच रहती है। पिछले साल की गर्मी में भी पानी के लिए बहुत परेशान रहे। इस बात तो फरवरी माह की शुरूआत में ही पेयजल की दिक्कत आ रही है। हमारा कहना है कि नगर निगम पीएम आवास में रहने वाले परिवारों की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान निकाले। जोन के अधिकारी हमारी सुनते तक नहीं।





### परशुराम नगर के रहवासियों ने जोन दफ्तर में की शिकायत, पुरानी पाइप लाइन में लीकेज

नगर निगम जोन 6 के महामाया मंदिर वार्ड के परशुराम नगर में बजरंग बली मंदिर से संस्कार विद्यालय के आसपास लोगों के घरों में नलों से गंदा पानी आ रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत वार्ड पार्षद जयश्री नायक से की है। साथ ही जोन 6 दफ्तर में भी गंदा पानी की समस्या दूर करने की मांग की गई है।

बदबूदार गंदा पानी आने से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने बोतल और बरतनों में गंदा पानी भरकर रखा और इसकी शिकायत करने तत्परता दिखाई। प्रभावित रहवासियों का कहना है तीन दिन से पानी ज्यादा गंदा आ रहा है कुछ जगह पानी में कीड़ा निकलने की शिकायत भी मिली। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता बंशी कन्नौजे ने जोन 6 कमिश्नरी में इसकी शिकायत की। उनका ये भी कहना है शिकायत के बाद भी निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे। कभी इसे अमृत मिशन वाली लाइन बता रहे कभी रायपुर स्मार्ट सिटी के 24 घंटे जल आपूर्ति योजना का हिस्सा बता रहे।

### पुरानी लाइन सड़ गई है, डिस्कनेक्ट कराया है

परशुरामनगर में नलों से गंदा पानी आनी की शिकायत मिलने पर जोन 6 की टीम भेजकर जांच कराई है। जिसमें पुरानी पाइप लाइन लीकेज की वजह से गंदा पानी आ रहा था। इसे डिस्कनेक्ट नई पाइप जोड़ा जा रहा है, पुरानी पाइप लाइन सड़ गया था। बुधवार तक गंदे पानी की समस्या दूर कर ली जाएगी।

**- नरसिंग फरेन्द्र,** कार्यपालन अभियंता, जल विभाग नगर निगम रायपुर

# सरपंच पर जानलेवा हमला दो आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेकारी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान सरपंच पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपियों में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं मुख्य आरोपी सहित तीन लोग अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

- विधानसभा थाना अंतर्गत ग्राम टेकारी में हुई घटना

**हल्ला करने से मना करने की बात पर किया था हमला:** थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टेकारी में 30 जनवरी की रात में मढ़ई मेला लगा था, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी चल रहा था। इस कार्यक्रम के दौरान तड़के करीब साढ़े चार बजे गजेंद्र वर्मा, दिलेंद्र निषाद, भूपेश निषाद, मुकेश निषाद, मनीष विश्वकर्मा, ईश्वर विश्वकर्मा अपने अन्य साथियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के मंच के पास आकर हुल्लड़ कर रहे थे, जिससे कार्यक्रम में बाधा पहुंच रही थी। इसे देखकर गांव के सरपंच चंद्रकांत वर्मा ने आरोपियों को हुल्लड़ करने से मना किया, तो इस बात पर वे सरपंच से विवाद करते हुए उसके साथ गाली-गलौच कर मारपीट करने लगे। इस दौरान गजेंद्र वर्मा ने लोहे की राड से सरपंच के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के दौरान गांव में रहने वाले कामेश वर्मा, यशवंत धीवर एवं यशकांत वर्मा ने बीच-बचाव भी किया। इस बात पर आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। इनमें से पुलिस ने ईश्वर और मनीष विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। इन दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है, वहीं गजेंद्र सहित अन्य आरोपी अभी फरार हैं। इन सभी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 109-1, 296, 115-2, 351-2, 191-3 भां न्यास संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# गांजा तस्करी के मामले में 2 को 20-20 साल कैद 2-2 लाख का अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।



गांजा तस्करी के मामले में पकड़े गए ओड़िशा के दो आरोपियों को 20-20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2-2 लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। यह सजा विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत (एनडीपीएस एक्ट) की कोर्ट में सुनाई गई है। जारी आदेश के तहत इन दोनों आरोपियों के कब्जे से करीब 9 माह पूर्व 58 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया था। इस प्रकरण में दोनों दोषी पाए गए हैं। इसके आधार पर ही कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है।

- विशेष न्यायाधीश किरण थवाईत (एनडीपीएस एक्ट) ने सुनाया फैसला

### रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर गांजा के साथ पकड़े गए थे दोनों आरोपी

जीआरपी रायपुर ने 10 अप्रैल 2025 को मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर बिलासपुर छोर की तरफ ओवरब्रिज के नीचे दो व्यक्ति प्रशांत कुमार लिमा एवं चितरंजन पाइक को 58 किलोग्राम गांजा से भरे बैग के साथ पकड़ा था।

पूछताछ पर दोनों ने पुलिस को बताया था कि वे पुरी एलटीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन से गांजा लेकर यहां बेचने के उद्देश्य से पहुंचे थे, लेकिन इससे पहले ही रेलवे पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई पूरी करने के बाद मंगलवार को फैसला सुनाया है।

# बढ़ते अपराध को लेकर कांग्रेस ने पुलिस कमिश्नर व ग्रामीण एसपी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर ग्रामीण जिले में भाजपा की डबल इंजन सरकार के शासनकाल में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। हत्या, चाकूबाजी, अपहरण, बलात्कार, डकैती, चोरी, अवैध शराब/गांजा/सट्टेबाजी का कारोबार खुलेआम चल रहा है। पुलिस जांच में लापरवाही, मिलीभगत एवं भ्रष्टाचार चरम पर है। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रायपुर श्वेता सिन्हा को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में पूरे जिले की प्रमुख घटनाओं का उल्लेख करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

- ई-चालान की कार्रवाई से आम जनता पर आर्थिक मानसिक बोझ

ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, अनीता शर्मा, रायपुर ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा , पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवव्रत नायक की विशेष रूप से उपस्थिति रहे। ज्ञापन में बताया गया कि तिल्दा, अभनपुर, खरोरा, मंदिर हसौद, आरंग, नया रायपुर के राखी में हत्या, महिला से बलात्कार, मोजो मशरूम फैक्ट्री में बाल श्रम, अवैध शराब बिक्री एवं चाकूबाजी, थाने में वसूली, फैक्ट्री मजदूर मौतों में मालिक पर केस दर्ज नहीं किया गया। अपराधी बेखौफ होकर वारदातें कर रहे हैं, फरार आरोपी घूम रहे हैं। पुलिस की निष्क्रियता एवं भ्रष्टाचार से आमजनता, विशेषकर युवा एवं मजदूर वर्ग, भयभीत है।

भाजपा के अपने सरपंच पर हमले से भी साबित होता है कि सरकार की अपनी पार्टी के लोग भी सुरक्षित नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी अपराध-मुक्त, न्यायपूर्ण एवं सुरक्षित छत्तीसगढ़ के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

### नशे का कारोबार बंद हो : विकास

पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने बताया कि बीजेपी सरकार के निर्देश पर पुलिस जिस प्रकार ई-चालान की कार्रवाई कर रही है और जिसके कारण आम जनता के ऊपर आर्थिक मानसिक बोझ पड़ रहा है। राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रहा है कि 16 से 25 साल के युवा आज इसमें पूरी तरीके से नशे के गिरफ्त में है, इसके लिए एक ठोस पहल होनी चाहिए। लगातार छापे मार कर यह पूरी तरीके से बंद होना चाहिए।

### मानवाधिकार न्याय सुरक्षा संगठन के बैनर तले वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन

# भाठागांव सड़क निर्माण में लेटलतीफी, धूल मिट्टी से बढ़ी दिक्कत, लोग परेशान, धरना-प्रदर्शन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भाठागांव चौक रिंगरोड से शीतला चौक मोड़ तक लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा दिलाने नगर निगम द्वारा 1.20 किलोमीटर की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। वर्कआर्डर जारी होने के 11 माह बाद भी सड़क निर्माण अधूरा है। इसके कारण मार्ग आने-जाने वालों को धूल-मिट्टी और उबड़ खाबड़ मार्ग से आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। सड़क निर्माण में देर को लेकर मंगलवार को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के रहवासियों ने सड़क पर उतरकर धरना दिया। मानव अधिकार न्याय सुरक्षा संगठन के आव्हान पर हाथों में तख्तियां लिए लोगों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर अपनी बातें निगम प्रशासन तक पहुंचाई। नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित भाठागांव रिंगरोड मुख्य मार्ग से शीतला चौक मोड़ तक सड़क निर्माण और निकास नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अनुबंधित एजेंसी को कार्य पूरा करने 12 माह की समय सीमा दी गई। 11 माह बीतने के बाद भी सड़क निर्माण एक ओर से सिर्फ 10 फीसदी ही हो पाया है। वहीं दोनों ओर बनने वाली सड़क के निर्माण में गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहा है। निर्माण कार्य के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा आम जनता को सूचना देने कोई बोर्ड भी स्थल पर नहीं लगाया गया। इसके कारण राहगीरों और दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया चालक परेशान हो रहे हैं। मानवाधिकार न्याय सुरक्षा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पूनम पांडेय ने कहा आए दिन सड़क निर्माण को लेकर वार्डवासी परेशानी से जूझ रहे हैं। धूल-मिट्टी से बुजुर्ग और बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। सड़क दुर्घटना का खतरा बना हुआ है, यही नहीं जिन लोगों के घर सड़क निर्माण के दोनों तरफ हैं उन्हें आने-जाने में खासी परेशानी हो रही है। आवाजाही बाधित होने से लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है। वार्डवासियों ने प्रशासन को आगाह किया समय रहते सड़क निर्माण का कार्य पूरा कराया जाए। इस मार्ग में रोजाना स्कूली बच्चों से लेकर आने जाने वाले आमजन को लगातार गड्ढे धूल मिट्टी से दो चार होना पड़ रहा है



हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



पारो ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों ...



- प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी शुभारंभ कार्यक्रम में रायपुर पहुंचे भारतीय वायु सेवा के ग्रुप कैप्टन और अशोक चक्र से सम्मानित अंतरिक्ष यात्री
- बताया- कैसे बीते अंतरिक्ष में 20 दिन, सवालों के जवाब देकर बच्चों का बढ़ाया ज्ञान
- अंतरिक्ष से 140 करोड़ भारतवासियों के लिए 100 मीटर की दूरी तय कर आया हूं

कैप्टन शुभांशु ने कहा- स्पेस से भारत को देखना ही मेरे लिए यादगार पल

# अंतरिक्ष मिशन भी एग्जाम जैसा, रॉकेट के 9 इंजन स्टार्ट होते ही भूल गया था 5 साल की तैयारी

**रायपुर।** भारतीय वायु सेवा के ग्रुप कैप्टन और अशोक चक्र से सम्मानित अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी नवा रायपुर में प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उक्त बातें कही। श्री शुक्ला ने बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के बार में बताया। साथ ही उन्होंने बच्चों के सवालों के जवाब भी दिए। कार्यक्रम के शुभारंभ पर कहा कि स्पेस लैब और क्लीन रूम के उद्घाटन के दौरान मैंने देखा, सीएम लैब कोट पहन रहे थे। जूतों पर कवर लगा रहे थे। लैब कवर पहन रहे थे, जो दिखाता है कि यहां के सीएम ये जानते हैं कि अंतरिक्ष संगवारी कार्यक्रम कितना इंपोर्टेंट है।





राम राम छत्तीसगढ़...,मेरी अंतरिक्ष यात्रा केवल मेरी नहीं थी, यह पूरे भारत की यात्रा थी। 41 साल बाद भारत उस मिशन में वापस पहुंचा है। अंतरिक्ष में 20 दिन रहने के दौरान 320 बार पृथ्वी के चक्कर लगाए। जब रात में पहली बार भारत को देखा, वह मेरे लिए यादगार पल था। इस दौरान 1.4 करोड़ किलोमीटर की दूरी तय की। 140 भारतवासियों के लिए 100 मीटर की दूरी तय कर आया हूं।

### आप भी बन सकते हैं अंतरिक्ष यात्री

श्री शुक्ला ने कहा कि जब मैं अंतरिक्ष में था तो बच्चों से बात की। बच्चे पूछते हैं कि आप सोते कैसे हैं, ब्रश कैसे करते हैं, खाते कैसे हैं? इस दौरान एक बच्चे ने पूछा कि भारत के एक छोटे से गांव का बच्चा अंतरिक्ष में कैसे पहुंच सकता है? मैं उन बच्चों से कहना चाहूंगा कि आप भी अंतरिक्ष यात्री बन सकते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि सपने देखो और पूरी लगन तथा मेहनत से करो। कोई भी अंतरिक्ष यात्री बन सकता है। डॉक्टर, इंजीनियर, कोई भी, लेकिन जो आप कर रहे हैं, उसे अच्छे से करें। तनाव न लें और सेहत का ध्यान रखें। शुभांशु शुक्ला ने एप्रोन क्लीन रूम गियर्स के साथ स्पेस क्वॉलिफाइड क्लीन रूम को देखा। उन्होंने उपग्रह प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पहले अंतरिक्ष केंद्र के भीतर बनाए गए सूचना डेस्क, वीआर जोन, ग्राउंड स्टेशन, मिशन कंट्रोल सेंटर, गैलरी और अंतरिक्ष यात्री सूट के बारे में छात्रों से बात की।

### 9 इंजन शुरू होते ही पांच सालों की तैयारी भूल गया



अंतरिक्ष यात्री ने अंतरिक्ष से जुड़े अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि जब रॉकेट में बैठते हैं तो लगता है कि हम पूरी तरह तैयार हैं। मैंने पांच साल इसकी तैयारी की, लेकिन जब रॉकेट के 9 इंजन एक साथ शुरू हुए तो अपनी पूरी तैयारी भूल गया। जैसे आप पढ़ाई करते हैं और एग्जाम देते हैं तो सबकुछ दिमाग से गायब हो जाता है, लेकिन उस समय आपको संयम बनाकर रखना है। पेशंस बनाकर रखना है। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि 5 सितंबर को मैंने ऑनलाइन मोड में छत्तीसगढ़ के बच्चों से बात की थी। इस दौरान एक बच्चे ने मुझसे पूछा कि प्रधानमंत्री ने जो होमवर्क आपको दिया था वो आपने किया कि नहीं? ये कहना चाहूंगा कि यहां के बच्चों में काफी उत्सुकता है, जानने की इच्छा है।









### सभी सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित और भरोसेमंद हों

शुभांशु शुक्ला ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत की वैश्विक स्थिति को लेकर कहा कि स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत को दुनिया बेहद सम्मान की नजर से देखती है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश से बड़ी उम्मीदें जुड़ी हुई हैं। मानव अंतरिक्ष मिशन सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि किसी भी व्यक्ति को अंतरिक्ष में भेजने से पहले यह सुनिश्चित करना जरूरी होता है कि सभी सिस्टम पूरी तरह सुरक्षित और भरोसेमंद हों। सैटेलाइट मिशन की तुलना में मानव मिशन में जीवन रक्षक प्रणालियों जैसे ऑक्सीजन, कार्बन डाइऑक्साइड नियंत्रण, तापमान और आर्द्रता को संतुलित रखना बेहद अहम होता है। ये सभी सिस्टम अभी विकास और परीक्षण के चरण में हैं, इसलिए शुरुआती मिशनों के जरिए इन्हें परखा जा रहा है, ताकि भविष्य में इंसानों को सुरक्षित रूप से अंतरिक्ष में भेजा जा सके।

### स्पेस रिसर्च का प्रशिक्षण दिया जाएगा

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अंतरिक्ष संगवारी केंद्र का शुभारंभ प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। छत्तीसगढ़ के छात्रों में टैलेंट की कोई कमी नहीं है। इस केंद्र के माध्यम से छात्रों को "प्रोजेक्ट अंतरिक्ष संगवारी" के तहत स्पेस रिसर्च का प्रशिक्षण दिया जाएगा। नवा रायपुर में सैटेलाइट निर्माण, टेस्टिंग और ट्रैकिंग जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे छत्तीसगढ़ को भविष्य में स्पेस टेक्नोलॉजी हब के रूप में पहचान मिलेगी। इस अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, रायपुर ग्रामीण विधायक मोतिलाल साहू, धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और छात्र उपस्थित रहे।

**सिटी लाइव**

## 31 कृषि महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने किया अपनी कला का प्रदर्शन





**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में मंडई का चार दिवसीय अन्तर्महाविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के 31कृषि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही 25 से अधिक विधाओं में भारती कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। जिसमें स्किट, भाषण, वाद-विवाद, चित्रकारी, पोस्टर मेकिंग, मिट्टी कला, रंगोली, मेहंदी, एलोकेशन, एक्सटेम्पोर, लोक नृत्य, एकल गीतगायन जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख रुप से ओायजित की गईं। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगी छटा बिखेर अपने प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बारामासी छत्तीसगढ़ी गीत में लोकनृत्य के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति का मादर की थाप के साथ चित्रण शानदार रहा। कार्यक्रम के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वेस्टर्न वोकल सोलो गायन में महाविद्यालय की श्रेयाखांडेकर को प्रथम और एक्सटेम्पोर स्पीच में प्रेरणा तिवारी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

## भक्ति का अनूठा संकल्प, महिलाओं ने हनुमान चालीसा पाठ का 109 वां सप्ताह किया पूरा

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों में सामूहिक रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है। इन केंद्रों में बीते दो सालों से रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा पाठ अनवरत किया जा रहा है, जिसका मंगलवार को 109वां सप्ताह पूरा हुआ। आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले ने बताया कि पिछले 6 जनवरी 2024 से अनवरत मंडल के सड्डू-मोवा, देवेंद्र नगर, रोहिणीपुरम, अमलीडीह और लालपुर सहित तमाम केंद्र की महिलाओं का सामूहिक पाठ जारी है, जो अब भक्ति के संकल्प का अनूठा उदाहरण बन चुका है। महिला केंद्रों की सदस्यों ने 109वें सप्ताह में भी अनवरत पाठ जारी रखा है। मंडल के सड्डू-मोवा, देवेंद्र नगर, रोहिणीपुरम, अमलीडीह, लालपुर सहित तमाम केंद्रों की महिलाओं ने स्थानीय मंदिरों में पहुंच रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया।



उत्साह के साथ बड़ी संख्या में कर रहे सामूहिक पाठ

इसी तरह देवेंद्र नगर महिला केंद्र की महिलाओं ने केंद्र की सभासद श्वेता सायंकर के घर रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का एक साथ पाठ किया। इस दौरान हर्षला भारम्बे, शीतल रणदीवे, रोशनी मेंढेकर, विद्या लोखंडे और श्वेता सायंकर शामिल हुईं। इसी तरह मंडल के 17वें महिला केंद्र न्यू राजेंद्र नगर-कमल विहार-लालपुर महिला केंद्र की सदस्यों ने भी पाठ किया। इस दौरान ज्योति बनकर, नीलिमा लाकपाले, अल्का बापट, मंगला मिश्रेकर, तृप्ति करमरकर, मैथिली ठोके, सुखदा लाखे, सरिता लुलु, साधना धगमवार, स्मिता कायंदे शामिल हुईं।

## आनंदमय जीवन पर डॉ. अर्चिका आज करेंगी युवाओं से संवाद

**रायपुर।** विश्व जागृति मिशन के संस्थापक देश-विदेश में लोकप्रिय सद्गुरु सुधांशुजी महाराज की सुपुत्री एवं मिशन की उपाध्यक्ष डॉ. अर्चिका दीदी, जो एक प्रसिद्ध आध्यात्मिक और ध्यान गुरु हैं। उनके द्वारा "आनंदमय जीवन" विषय को लेकर युवाओं को बुधवार को संबोधित करने के बाद संवाद किया जाएगा। युवाओं को खुशी का महत्व बताने के लिए 4 फरवरी को शाम 5 से 7.30 बजे तक वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में युवाओं को जीवन में आने वाली चुनौतियों पर एक इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र करेंगी। सेशन में युवाओं की भावना, स्पष्टता का अनुभव करने में धैर्य का स्तर बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगी।

### जीवन की चुनौतियों के लिए गहरी समझ जरूरी

*विश्व जाग्रति मिशन मंडल के मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि मन की स्थिरता बनाने में बेहतर फोकस और*



*आत्मविश्वास में वृद्धि, खुशी का स्तर बढ़ाने में मार्गदर्शन करेंगी। यह आयोजन उन सभी के लिए है, जो भावनात्मक रूप से फंसा हुआ महसूस करते हैं। जो जीवन में खुशी चाहते हैं, एक सफल कैरियर चाहते हैं, संतुलित और सफल जीवन चाहते हैं। जीवन बदलने वाले संवाद, वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए गहरी समझ पर दीदी संबोधित करेंगी। यह आयोजन युवाओं के लिए पूरी तरह से निशुल्क है।*

मरीजों को विदेश जाने की नहीं जरूरत, प्रदेश में ही कारगर दवाईयां, तकनीक और विशेषज्ञ सुलभ

## कैंसर को हराने मेडिकल साइंस में हर दूसरे दिन रिसर्च, एडवांस तकनीक बनी वरदान

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** दुनियाभर के मेडिकल साइंस के विशेषज्ञ दुर्लभ कही जाने वाली कैंसर बीमारी को हराने के बेहद करीब हैं। इसके लिए मेडिकल साइंस के विशेषज्ञ हर दूसरे दिन कैंसर रोग को और अधिक कारगर तरीके से डायग्नोस करने के लिए सुपर पर्सनालाइज ट्रीटमेंट पर नवाचार कर रहे हैं। यही वजह है कि कुछ साल पहले तक विदेशों तक सीमित कैंसर के अत्याधुनिक इलाज की तकनीक अब मरीजों को उनके नजदीकी शहर व राज्यों के अस्पतालों तक पहुंच पाई है। वहीं इन नए तकनीकों और दवाईयों के नवाचार से भविष्य में कैंसर की बीमारी को रेयर डिजीज की केटेगरी से कॉमन डिजीज के रूप में उपचार को संभव बनाने मदद मिलेगी। इस दिशा में मेडिकल साइंस विशेषज्ञों का प्रयास लगातार जारी है। इन नवाचारों में कार्टिसेल थैरेपी कैंसर के उपचार में एक क्रांतिकारी इम्यूनोथेरेपी है, जिसमें रोगी की अपनी टी-कोशिकाओं यानी प्रतिरक्षा कोशिकाओं को प्रयोगशाला में आनुवंशिक रूप से संशोधित किया जाता है। ये सुपर कोशिकाएं कैंसर को पहचानकर नष्ट कर देती हैं, जिससे यह पारंपरिक कीमोथैरेपी की तुलना में अधिक सटीक और प्रभावी उपचार बन जाता है। इसमें मरीज के रक्त से टी-कोशिकाओं को अलग किया जाता है। साथ ही लैब में इन कोशिकाओं को काइमेरिक एंटीजन रिसेप्टर नामक प्रोटीन विकसित करने के लिए जेनेटिक रूप से बदला जाता है। संशोधित कोशिकाओं की संख्या को प्रयोगशाला में लाखों-करोड़ों तक बढ़ाया जाता है। इन तैयार कार्टिसेल कोशिकाओं को वापस मरीज के शरीर में डाल दिया जाता है।

### इन एडवांस तकनीकों ने सरल बनाई इलाज प्रक्रिया

कीमोथेरेपी तकनीक, नैनोपॉर्टिकल तकनीक, एल्ब्यूमिन बाउंड पैक्लिटैक्सेल तकनीक, लिनियर एसेलरेटर तकनीक जैसे नए अत्याधुनिक उपकरणों व मेडिसिन तकनीकों के अविष्कार ने कैंसर के इलाज को प्रभावी बनाया है।



विश्व कैंसर दिवस आज

### कैंसर के नए केसेस में बढ़ोतरी लगातार जारी

कैंसर के विशेषज्ञ डॉक्टर ने बताया, तकनीकों के अविष्कार के साथ-साथ कैंसर के नए मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी लगातार जारी है। इसकी मुख्य वजह असंतुलित जीवनशैली व खानपान है।

### हर जिला अस्पताल में कैंसर की स्क्रीनिंग

प्रत्येक जिला अस्पताल में एनसीडी यानी नॉन कम्युनिकेबल डिजीज स्क्रीनिंग क्लीनिक में कैंसर की पहचान की जा रही है। पिछले 10 साल में कैंसर को अर्ली स्टेज में पहचान करने को लेकर लोगों में जागरूकता काफी बढ़ी है। इसमें सोशल मीडिया का योगदान भी महत्वपूर्ण रहा है, पर जानकारी के बावजूद मरीज अस्पतालों में नियमित इलाज के बजाय नॉनसाइंटिफिक पद्धति से उपचार कराने के भ्रम में पड़ जा रहे हैं।

### इस प्रकार के कैंसर से सबसे अधिक प्रभावित

इंडियन काउंसिल फॉर मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के अनुसार, कैंसर से पीड़ित भारतीयों की संख्या 2025 में 2.98 करोड़ होने का अनुमान है। आईसीएमआर की भारत में कैंसर का बोझ पर एक रिपोर्ट के अनुसार, सात कैंसर कुल बीमारी के बोझ के 40 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार हैं, जिसमें फेफड़े का कैंसर 10.6 प्रतिशत, स्तन कैंसर 10.5 प्रतिशत, ग्रासनली का कैंसर 5.8 प्रतिशत, मुंह का कैंसर 5.7 प्रतिशत, पेट का कैंसर 5.2 प्रतिशत, लीवर कैंसर 4.6 प्रतिशत और गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर 4.3 प्रतिशत शामिल है।

## प्रयोगशाला परिचारक भर्ती, दस्तावेज सत्यापन का अंतिम अवसर 6 फरवरी को

रायपुर। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती-2023 के अंतर्गत द्वितीय चरण के बाद तृतीय एवं अंतिम अवसर के रूप में 254 अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन का मौका दिया गया है। इस संबंध में कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, नवा रायपुर द्वारा अंतिम सूचना जारी की गई है। जारी सूचना के अनुसार, प्रयोगशाला परिचारक की सूची में शामिल अभ्यर्थियों को 6 फरवरी शुक्रवार को अपने समस्त आवश्यक मूल दस्तावेजों एवं सत्यापन प्रपत्रों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय, उच्च शिक्षा, विज्ञान महाविद्यालय परिसर, रायपुर में प्रातः 10:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक संपन्न की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह तृतीय एवं अंतिम अवसर है। निर्धारित तिथि एवं समय पर अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों पर आगे किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। दस्तावेज सत्यापन का तात्पर्य चयन सूची में नाम शामिल होना नहीं है, अंतिम निर्णय आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस सूचना को उच्च शिक्षा संचालनालय की आधिकारिक वेबसाइट http://highereducation.cg.gov.in पर भी अपलोड कर दिया गया है, ताकि सभी संबंधित अभ्यर्थियों तक समय पर जानकारी पहुंच सके।

**इवेंट लाइव**

## हिंदी पंचाग के अंतिम महीने फागुन में मचेगी त्योहारों की धूम



**रायपुर।** फाल्गुन (फागुन) का महीना हिंदू पंचांग का अंतिम महीना है। महीने की पूर्णिमा को फाल्गुनी नक्षत्र होने से इस महीने का नाम फाल्गुन है। इस महीने को आनंद और उल्लास का महीना भी कहा जाता है। इस महीने से धीरे-धीरे गर्मी की शुरुआत के साथ ही सर्दी कम होने लगती है। फाल्गुन माह का आगमन हर दिशा में रंगों की फुहार बिखेरता प्रतीत होता है। मौसम में मन को भा लेने वाला जादू छाया रहता है। इस दौरान प्रकृति में अनुपम छटा बिखरी होती है। इस मौसम में चंद्रमा के जन्म से संबंधित पौराणिक आख्यान भी मौजूद हैं। इस माह में चंद्रमा और श्रीकृष्ण की पूजा का विशेष महत्व है। होली के गीतों के साथ रंग गुलाल की फुहार और नगाड़ा की ध्वनि मन को मोहने वाली होती है। संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि होली का आगमन प्रकृति से संबंधित होता है।

### विजया एकादशी और होलाष्टक रहेगा प्रभावी

भागवताचार्य पं. मनोज शुक्ला ने बताया कि फाल्गुन माह इसलिए नहीं जाना जाता, क्योंकि इसमें होली का पर्व मनाया जाता है, बल्कि इस माह का धार्मिक महत्व भी है। मुख्य रूप से होली, शिवरात्रि, फाल्गुन पूर्णिमा और एकादशी उत्सव मनाए जाते हैं। इस माह में आने वाली एकादशी विजया एकादशी कहलाती है। इस समय होलाष्टक लगता है, जो आठ दिनों तक प्रभावी होता है। इसमें सभी शुभ काम रुक जाते हैं। इस समय में मांगलिक आयोजन नहीं होते। 5 फरवरी संकष्टी चतुर्थी, 13 को विजया एकादशी और 14 को प्रदोष व्रत करने का योग मिलेगा। 15 को देवों के देव महादेव की आस्था में महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। होलिका दहन के बाद 4 मार्च को रंगों का महापर्व मनाया जाएगा।

**समाज लाइव**

## सरोकार बढ़ाने कन्नौजिया साहू समाज ने लिया सेवा का निर्णय



**रायपुर।** कन्नौजिया साहू समाजजन कल्याण समिति द्वारा आमसभा का आयोजन मंगलवार को किया गया। समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हुई आमसभा में समाज के सभी वरिष्ठ और प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। सबसे पहले भक्त माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण करते हुए आयोजन का शुभारंभ किया गया। इसमें समिति द्वारा पिछले वर्ष किए गए कार्यों से सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। यह संकल्प भी लिया गया कि समिति जनकल्याण का कार्य पिछले वर्ष की तरह आने वाले वर्षों में भी करेगी। समिति के सचिव आशीष साहू ने बताया कि समिति का गठन वर्ष-2025 के प्रथम दिवस अर्थात 1 जनवरी 2025 को 7 उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया था। इनमें से 5 उद्देश्यों को प्रथम वर्ष के प्रयास में ही समिति के सभी सदस्यों के सहयोग से शुरू किया है।

### अध्ययन सामग्री भेंट करने पर लगाई मुहर

समिति के सचिव साहू ने बताया कि समिति कन्नौजिया साहू समाज जनकल्याण समिति नाम से पंजीकृत है। इसका उद्देश्य सरोकार से जुड़कर जनमानस के कल्याण एवं देश के प्रति सदैव सच्ची निष्ठा तथा समर्पण भाव से एक सेवक के रूप में काम करना है। ग्रीष्म ऋतु में समिति द्वारा गौ भोग पात्र और सकोरा दान करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में समिति के सभी सदस्यों बीते वर्ष की भांति इस वर्ष में भी विद्यार्थियों के लिए अध्ययन सामग्री भेंट करने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई है। आमसभा के आयोजन में समिति के संरक्षक सदस्य सतीश कुमार साहू ,रामायण प्रसाद साहू, गौरीशंकर साहू, हरप्रसाद साहू मौजूद थे। यह जानकारी विवेक साहू ने दी।

**धर्म लाइव**

## भगवान झूलेलाल साईं की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा



**रायपुर।** मंगलवार को गुढ़ियारी स्थित सिद्ध सेवा समिति एवं पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा भगवान झूलेलाल साईं की स्वरूप प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति एवं भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति के मुखी गुरनामल रोहड़ा, अध्यक्ष परमानंद वाधवा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलीप तेजवानी, कोषाध्यक्ष संजय रामानी, महासचिव सुनील मेघवानी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे साईं झूलेलाल की पूजा-अर्चना एवं अभिषेक से हुई। इसके पश्चात 11 बजे महाआरती एवं प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। दोपहर 12 बजे साईंजी का सत्संग एवं विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसके बाद लंगर प्रसादी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर संत सतगुरु साईं लालदास साहेब एवं महंत अम्मा मीरा देवी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत से जोड़ने का कार्य

कार्यक्रम जानकारी देते हुए मुखी गुरनामल रोहरा व संजय रमानी ने बताया कि यह आयोजन समाज में धार्मिक आस्था, सद्भावना और एकता को सशक्त बनाने किया गया। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी किशोर आहूजा ने कहा कि भगवान झूलेलाल की प्राण प्रतिष्ठा का यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत से जोड़ने का कार्य करेगा। सिंधी सेवा समिति एवं पूज्य सिंधी पंचायत गुढियारी ने समाज के सभी श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

● भारत रंग महोत्सव में पहले दिन प्रख्यात रचनाकार नागार्जुन के उपन्यास पर आधारित नाटक का मंचन

# पारो ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर किया प्रहार, मार्मिक दृश्यों ने दर्शकों को झकझोरा

भारत रंग महोत्सव में प्रख्यात रचनाकार नागार्जुन के मैथिली उपन्यास पारो पर आधारित नाटक का मंचन मंगलवार को साइंस कॉलेज स्थित पं. दीनदयाल उपध्याय ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे से किया गया। अवसर था राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली के 20वें भारत रंग महोत्सव और छत्तीसगढ़ रजत जयंती का। महोत्सव के पहले दिन नाटक पारो की प्रस्तुति दी गई। इसमें संगीत संजय उपाध्याय का, परिकल्पना व निर्देशन शारदा सिंह के साथ नाट्यालेख विवेक कुमार का रहा। स्वतंत्रता पूर्व देश में व्याप्त बेमेल विवाह और बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर प्रहार किया गया।





**रायपुर।** पारो जैसी किशोरियों के लिए विवाह की तुलना एक भयावह वैतरणी से की गई। इस वैतरणी को पार करने के क्रम में नायिका को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ता है। ब्रजकांत पारो के प्रति संवेदनशील तो है, लेकिन पारो की कोई सहायता नहीं कर पाता है। दोनों के बीच एक विचित्र संबंध विकसित हो जाता है। प्रौढ़ वर और पारो जैसी बालिकाओं का विवाह समाज में एक सामान्य घटना मानी जाती थी। अल्पायु में विवाह की परिणिति अत्यंत त्रासद होती है। नाटक मैथिल



परिवेश में रचा-बुना हुआ प्रस्तुत किया गया। वहीं नाटक में मैथिली लोकगीत और मैथिली कविताओं के माध्यम से मिथिला की मिट्टी की सोंधी सुगंध स्थापित करने का प्रयास किया गया, जिसने दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। दर्शकों का मन नाटक के कई मार्मिक दृश्यों को देख उद्वेलित हो उठा।

### आज शास्ति नाटक की प्रस्तुति

भारत रंग महोत्सव के दूसरे दिन बंगाल के कलाकारों के ग्रुप गोबरदंगा रंगाभूम द्वारा बंगाली नाटक शास्ति की आज प्रस्तुति दी जाएगी। इसके लेखक बीरू मुखोपाध्याय हैं। इसका नाट्य निर्देशन बिधान चंद्र हालदार द्वारा किया जाएगा।

### कलाकारों ने जीवंत अभिनय से जीता मन

नाटक पारो के कलाकार की भूमिका में वर्षा कुमारी, विनीता सिंह, अभिषेक आनंद, साधना श्रीवास्तव, स्पर्श मिश्रा, नेहा निहारिका ने अपने जीवंत नाट्य अभिनय से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। कलाकारों के भाव-भंगिमाएं, वेशभूषा, संवाद और प्रकाश समायोजन को बड़े उन्नत स्तर से नाटक के निर्देशक ने प्रस्तुत किया।



### महोत्सव में उमड़ा दर्शकों का हुजूम

भारत रंग महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिप्राप्त रंगकर्मियों के अभिनय कौशल और निर्देशन में मनोरंजन का नया पुट तलाशने बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे थे। दर्शकों को महोत्सव में रंगमंच और उसके कलाकारों से रूबरू होने के साथ-साथ आनंद में भावविभोर होने का मौका मिला। वहीं नाटक से दिए सोशल मैसेज से दर्शक जागरूक भी हुए। इस तरह से भारत रंग महोत्सव नाट्य प्रेमियों के लिए एक अच्छा अवसर लेकर आया है।

## वंदेमातरम थीम बेस्ड परफॉर्मेंस से सजाया उमंग का मंच बांसुरी की मधुर तान के बाद रिमिक्स पर बिखेरा जलवा





**रायपुर।** हर दिन किसी स्कूल कॉलेज कैंपस में वार्षिकोत्सव की श्रृंखला सजाई जा रही है। इस क्रम में मंगलवार को पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन कॉलेज में भी वार्षिकोत्सव उमंग-2026 को खास बनाने के लिए आकर्षक तरीके से मंच सजाया गया। जहां दर्शक दीर्घा में मौजूद हर वर्ग के लोगों के उत्साह ने उमंग को उत्सव का रूप दिया। इस साल वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ के लिहाज से थीम बेस्ड किया गया था। इसमें देश की रक्षा के लिए शहीद होने वाले जवानों के परिवार की पीड़ा के साथ ही देशभक्ति के जज्बे से सजाई गई प्रस्तुति ने हर किसी को कुछ पल के लिए राष्ट्रप्रेम की भावना से जोड़ने का प्रयास किया। इस अवसर से लोगों को जोड़ने का दायित्व मंच संचालन करते हुए आकांक्षा दुबे ने निभाते हुए अलग-अलग 28 प्रस्तुतियों से लोगों को उत्सव जैसा माहौल दिया। वहीं बतौर मुख्य अतिथि दक्षिण क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी उपस्थित थे।

### महिला उत्पीड़न पर केंद्रित डांस प्रस्तुति रही खास

उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बहुत हर्ष की बात है, कॉलेजों में नैतिक शिक्षा के साथ छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों में भी शामिल किया जाता है। उन्होंने वंदेमातरम के 150 साल होने पर थीम बेस्ड डांस प्रस्तुति के साथ जवानों के संघर्ष को याद किया।

### देशभक्ति गीतों से सजाई थीम बेस्ड प्रस्तुति

कॉलेज में प्रस्तुति की श्रृंखला में रिमिक्स गीतों पर छात्र-छात्राओं ने ग्रुप डांस की प्रस्तुति से उमंग का आगाज किया। इसके बाद एक- एक करके लगातार 28 प्रस्तुतियों से उमंग को यादगार बनाने का प्रयास कॉलेज के छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों के संयुक्त प्रयास से किया गया। हर साल किसी न किसी विषय पर एक थीम डांस प्रस्तुत किया जाता है। इस बार वंदेमातरम देशभक्ति पर डांस तैयार किया गया था, जो बहुत ही अनोखे अंदाज में पेश किया। इसने दर्शकों को देशभक्ति गीतों पर झूमने पर मजबूर किया।

### श्री बालाजी दिशा एजुकेशन सोसायटी में पराक्रम खेल महोत्सव का भव्य आगाज




*रायपुर। श्री बालाजी दिशा एजुकेशन सोसायटी में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव पराक्रम का मंगलवार को आगाज हुआ। खेल महोत्सव का आयोजन सुबह 11 बजे मशाल जलाकर एवं रंगीन गुब्बारे उड़ाकर किया गया। इस खेल महोत्सव पराक्रम- 2026 का शुभारंभ श्री बालाजी दिशा एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक, डॉ. अंशु शुक्ला वाइस चेयनमैन, डॉ. अनिल तिवारी, सचिव, सीए नितिन पटेल, डायरेक्टर एवं भोजराम पटेल के उपस्थित में हुआ। श्री बालाजी दिशा एजुकेशन सोसायटी के चार संस्थान दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नॉलाजी, दिशा कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीस, दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और दिशा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इनके स्टूडेंट्स को छह सोसायटी जैसे सूर्यो, एरावत, लक्ष्य, ब्रम्होस, वायु और तेजस में बांट कर किया गया। उनके बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पराक्रम -2026 कार्यक्रम में 100 और 200 मीटर दौड़, रिलेरेश, गोला फेंक, भाला फेंक, रस्सी खींच, क्रिकेट, चेस, बैडमिंटन और कैरम शामिल रहा।*

## आंखों में नमी छोड़ गया, स्कूल का ये सुनहरा सफर ठहर-सा गया




**रायपुर।** कुछ यादें मुस्कान बनकर रह जाती हैं, कुछ पल आंखों में नमी छोड़ जाते हैंस्कूल का ये सुनहरा सफर आज एक नई उड़ान की ओर बढ़ जा रहा है। ये भाव दानी गर्ल्स स्कूल में फेयरवेल पार्टी के हैं, जहां मंगलवार को 12वीं कक्षा की छात्राओं के लिए 11वीं की छात्राओं व्यक्त किए। फेयरवेल में एक पल स्कूल से विदाई ने जहां छात्रों और शिक्षकों को भावुक कर दिया। वहीं 11वीं कक्षा की छात्राओं ने सीनियर छात्राओं के साथ फेयरवेल पार्टी के मंच से गीत-संगीत, नृत्य और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से फेयरवेल को यादगार और खुशनुमा बना दिया। नए-पुराने रिमिक्स बॉलीवुड गानों पर धमाकेदार डांस और छत्तीसगढ़ी लोकगीतों व नृत्य सुआ, करमा, राउत नाचा और पंथी की थाप पर जमकर छात्राओं ने धूम मचाई। फेयरवेल पार्टी स्कूल प्रांगण में दोपहर 12 बजे से शुरू हुई, जिसमें सीनियर, जूनियर छात्राओं ने अपने कला-प्रतिभा दिखाई। फेयरवेल पार्टी के अंत में 12वीं छात्राओं को जूनियर छात्राओं व शिक्षकों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### रैंप पर दिखाया फैशन का जलवा

फेयरवेल पार्टी के मंच पर रैंप वॉक का कार्पेट सजा। इसमें छात्राओं ने एक से बढ़कर एक स्टाइलिश आउटफिट में फैशन का जलवा बिखेरा। इसमें छात्रा भूमिका देवांगन को मिस दानी गर्ल के ताज से नवाजा गया। वहीं खेल प्रतियोगिता में हमेशा अव्वल रहने वाली छात्रा विद्या पाटनवार को स्पोर्ट्स दीवा का खिताब दिया गया। स्टूडेंट ऑफ द ईयर रहीं छात्रा सुमित्रा टण्डन और फेयरवेल पार्टी की मिस ईवनिंग छात्रा चंचल शर्मा बनीं।



37वीं फेडरेशन कप वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आगाज, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ 16 टीमों ने लिया हिस्सा

# वॉलीबॉल में दिखा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का जोश, पहले दिन छत्तीसगढ़ की करारी हार, केरल, पंजाब, इंडियन यूनिवर्सिटी ने बढ़ाई बढ़त

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** 37वीं फेडरेशन कप वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आगाज मंगलवार को स्व. बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस दौरान पुरुष वर्ग में इंडियन रेलवे, केरल, पंजाब, सर्विसेज, झारखंड, तमिलनाडु, राजस्थान, हरियाणा, इंडियन यूनिवर्सिटी और होस्ट स्टेट छत्तीसगढ़ तथा महिला वर्ग में केरल, इंडियन रेलवे, राजस्थान, हरियाणा, इंडियन यूनिवर्सिटी व होस्ट स्टेट छत्तीसगढ़ की टीमों ने मार्च पास्ट किया।प्रतियोगिता की शुरुआत केरल और छत्तीसगढ़ के बीच मुकाबले से हुई, जिसमें केरल ने बड़ी जीत दर्ज की। सुबह 7:30 बजे से शुरू हुई प्रतियोगिता रात 11 बजे तक चली। दूसरा मैच पंजाब और राजस्थान के बीच खेला गया, जिसमें पंजाब ने राजस्थान को 30-28, 21-25, 25-22, 25-23 से हराया। वहीं, भारतीय रेलवे और इंडियन यूनिवर्सिटी के बीच खेले गए मैच में भारतीय रेलवे ने सीधे सेटों में 25-20, 28-26, 25-22 से जीत दर्ज की। महिला वर्ग में इंडियन यूनिवर्सिटी और केरल के बीच मुकाबला हुआ, जिसे केरल ने 25-19, 25-15, 25-12 से जीता। बता दें कि चैंपियनशिप में भारत के लिए खेल चुके कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। रेलवे, सर्विसेस और इंडियन यूनिवर्सिटी सहित कई राज्यों की टीमें इसमें भागीदारी कर रही हैं। पुरुष वर्ग में 10 टीमें और महिला वर्ग में 6 टीमें हिस्सा ले रही हैं।




### तमिलनाडु और सर्विसेस के बीच कड़ा मुकाबला

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने फेडरेशन कप के उद्घाटन के बाद इंडोर स्टेडियम में रुककर तमिलनाडु और सर्विसेस के बीच हुए उद्घाटन मैच को पूरा देखा। वे कांटे के मुकाबले वाले इस मैच के समाप्त होने के बाद ही स्टेडियम से निकले। मुख्यमंत्री ने कहा कि वॉलीबॉल हमें टीमवर्क, सहयोग और समन्वय सिखाता है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने इसमें प्रदेश का काफी नाम रोशन किया है। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा और कौशल का पूरी क्षमता से प्रदर्शन कर सके, इसके लिए जरूरी अधोसंरचना और प्रशिक्षण पर हम लगातार जोर दे रहे हैं।

### ये रहे मौजूद

छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश गागड़ा ने अपने स्वागत भाषण में फेडरेशन कप के आयोजन की रूपरेखा और कार्यक्रमों की जानकारी दी। रायपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के सचिव विक्रम सिसोदिया, भारतीय व्हॉलीबॉल संघ के महासचिव रामानंद चौधरी, मध्यप्रदेश व्हॉलीबॉल संघ के1 अध्यक्ष रूद्रप्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ व्हॉलीबॉल एसोशिएशन के सचिव हेमप्रकाश नायक, रायपुर नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, राहुल कौशिक और विनोद नायर सहित विभिन्न व्हॉलीबॉल संघों के पदाधिकारी, सदस्य, खिलाड़ी और खेलप्रेमी बड़ी संख्या में फेडरेशन कप के उद्घाटन के दौरान मौजूद थे। विधायक सुनील सोनी भी उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ वॉच इलेवन ने हांका प्रेस इलेवन को 5 रनों से हराया




**रायपुर।** प्रेस क्लब की खेल मड़ई के अंतर्गत आयोजित स्व. कुलदीप निगम स्मृति क्रिकेट स्पर्धा के दूसरे महत्वपूर्ण मुकाबले में दर्शकों को जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। सुभाष स्टेडियम में खेले गए इस सीमित ओवर के मुकाबले में छत्तीसगढ़ वॉच इलेवन ने संघर्षपूर्ण प्रदर्शन करते हुए हांका प्रेस इलेवन को मात्र 5 रनों से पराजित कर दिया।

मैच की शुरुआत में छत्तीसगढ़ वॉच इलेवन के कप्तान राम प्रसाद दुबे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हालांकि टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शुरुआती क्रम के बल्लेबाज सस्ते में पवेलियन लौट गए। लगातार विकेट गिरने से दबाव जरूर बना, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने संयम और संघर्ष का परिचय दिया। टीम को संभालते हुए कुलदीप शुक्ला ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। निर्धारित 10 ओवरों में छत्तीसगढ़ वॉच इलेवन ने 60 रन का स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हांका प्रेस इलेवन की शुरुआत सधी हुई रही। टीम ने पहले तीन ओवरों में ही 20 रन बनाकर मजबूत स्थिति बना ली थी। लेकिन इसके बाद मैच ने करवट बदली। छत्तीसगढ़ वॉच इलेवन के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। चंद्रभूषण वर्मा और पूर्वांश तिवारी की सटीक और कसी हुई गेंदबाजी के सामने हांका प्रेस इलेवन के बल्लेबाज टिक नहीं पाए और एक के बाद एक विकेट गिरते चले गए। निर्धारित 10 ओवरों में हांका प्रेस इलेवन की टीम 55 रन ही बना सकी। इस तरह छत्तीसगढ़ वॉच इलेवन ने मुकाबला 5 रनों से अपने नाम किया। शानदार गेंदबाजी के लिए चंद्रभूषण वर्मा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्हें यह सम्मान मुख्य अतिथि उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा और आईबीसी न्यूज चैनल के प्रमुख रविकांत मित्तल ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। वहीं विजेता टीम के कप्तान राम प्रसाद दूबे ने विजयी ट्रॉफी ग्रहण की। मैच के दौरान मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, आईबीसी न्यूज चैनल के प्रमुख मित्तल के साथ रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी, उपाध्यक्ष दिलीप साहू, महासचिव गौरव शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश यदु, संयुक्त सचिव निवेदिता साहू, भूपेश जांगड़े, खेल मड़ई के मुख्य संयोजक विजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### मुकेश यादव को मिली अंतरराष्ट्रीय रेटिंग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वन विभाग बालोद वनमंडल में बी.एफ.ओ.के पद पर कार्यरत शतरंज खिलाड़ी मुकेश यादव ने जनवरी माह में आयोजित स्टेट ओपन फीडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटिंग प्राप्त की है। प्रतियोगिता में उन्होंने रैपिड शतरंज में 6 अंक एवं ब्लिट्ज शतरंज में 5 अंक अर्जित किए। उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें रैपिड में 1725 तथा ब्लिट्ज में 1658 की अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त हुई। उनकी इस उपलब्धि पर उनके कोच, अंतरराष्ट्रीय आर्बिटर एवं नेशनल इंस्ट्रक्टर अनिश अंसारी,छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, सचिव हेमंत खुटे, डीएफओ बालोद अभिषेक अग्रवाल, डीएफओ बीजापुर रामकृष्ण और एसडीओ वन विभाग आरती पावले ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाईयां दी है।



### बॉक्सर अभिराज का राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता में चयन

**भिलाई।** राष्ट्रीय शालेय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन कर्नाटक बेंगलुरु में 05 फरवरी से 09 फरवरी तक किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब के खिलाड़ी अभिराज साव का चयन 46 किलो एबीई ग्रुप-19 बालक वर्ग में हुआ है। सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब के कोच एवं नेशनल रेफरी व जज कुलदीप सोनकर ने जानकारी दी कि उदय साव के सुपुत्र अभिराज वर्तमान में सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, राम नगर, भिलाई में अध्ययनरत हैं। अभिराज साव का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर दुर्ग के सांसद एवं छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष विजय बघेल, छत्तीसगढ़ बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष आर. राजेंद्रन, सेक्टर-1 बॉक्सिंग क्लब के कोच एवं राष्ट्रीय रेफरी व जज कुलदीप सोनकर एवं समस्त पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।



फाइबर की जरूरत पूरी होती है कई स्रोत से

# सेहत के लिए जरूरी है फाइबर का सेवन, नियंत्रित होता है गंभीर बीमारियों का खतरा

एक स्वस्थ शरीर के लिए फाइबर सबसे जरूरी तत्वों में से एक है। मगर बहुत से लोग अपने आहार पर इतना ध्यान नहीं देते हैं। आज के आधुनिक जीवनशैली में इसकी कमी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ा रही है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बहुत से लोग अपने खाने पीने पर ध्यान नहीं दे पाते हैं और ऐसे डाइट का पालन करते हैं जिसमें रिफाइंड फूड (मैदा, चीनी) की मात्रा अधिक होती है। हाल ही में डॉक्टर शालिनी सिंह सोलंकी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर सचेत किया है कि फाइबर की कमी केवल कब्ज तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शरीर के सुरक्षा तंत्र को बूरी तरह प्रभावित कर सकती है। डॉक्टर शालिनी के अनुसार फाइबर हमारे शरीर के लिए सबसे जरूरी पोषक तत्वों में से एक है।

जब हम कम सब्जियां और फल खाते हैं, तो शरीर में शुगर, फैट और टॉक्सिन्स से होने वाला नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। जब किसी व्यक्ति की डाइट में फाइबर की कमी होती है तो मेटाबॉलिक बीमारियों जैसे कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए आइए इस लेख में डॉक्टर से जानते हैं कि इससे लोगों की सेहत पर क्या असर पड़ सकता है और साथ ही ये भी जानेंगे कि एक स्वस्थ्य व्यक्ति को दिनभर में कितना फाइबर खाना चाहिए।



## आंतों की सुरक्षा और शुगर स्पाइक पर नियंत्रण

फाइबर की कमी सीधे तौर पर हमारी गट लाइनिंग (आंत की परत) को नुकसान पहुंचाती है, जिससे पाचन तंत्र प्रभावित होता है। डॉक्टर शालिनी बताती हैं कि फाइबर की कमी से शुगर स्पाइक की समस्या और भी गंभीर हो जाती है। जब भोजन में फाइबर होता है, तो वह शुगर के अवशोषण को धीमा कर देता है। इसकी कमी होने पर खून में ग्लूकोज का लेवल अचानक बढ़ता है, जो सीधे तौर पर इंसुलिन रेजिस्टेंस और टाइप-2 डायबिटीज को जन्म देता है।

## कोलेस्ट्रॉल का बढ़ता स्तर और हृदय स्वास्थ्य

फाइबर शरीर में झाड़ू की तरह काम करता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल को शरीर से बाहर निकालता है। अगर आहार में फाइबर कम होगा, तो यह गंदा फैट धमनियों में जमा होने लगेगा, जिससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।



फाइबर की कमी न सिर्फ कोलेस्ट्रॉल बढ़ाती है, बल्कि यह फैटी लिवर का जोखिम भी की गुना बढ़ जाता है, जिससे शरीर का मुख्य फिल्टर (लिवर) भी सुस्त पड़ने लगता है। डॉक्टर सोलंकी के मुताबिक एक स्वस्थ्य व्यक्ति को दिनभर में 25-30 ग्राम फाइबर जरूर खाना चाहिए।

## कैंसर का जोखिम


स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, फाइबर की कमी शरीर में ब्यूटिरेट नामक एक आवश्यक शॉर्ट-चेन फैटी एसिड के उत्पादन को कम कर देती है। ब्यूटिरेट आंतों की कोशिकाओं को ऊर्जा देता है और उन्हें कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाता है। शोध बताते हैं कि फाइबर युक्त आहार का सेवन न करने से कोलन कैंसर और अन्य इन्फ्लेमेटरी बीमारियों का जोखिम काफी हद तक बढ़ जाता है, जो दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा है।



## हार्मोनल असंतुलन और समय से पहले बुढ़ापा

फाइबर की कमी केवल आंतरिक अंगों को ही नहीं, बल्कि आपके एजिंग(समय से पहले बुढ़ापा) को भी प्रभावित करती है। यह हार्मोनल असंतुलन का कारण बनती है और प्रिमेच्योर एजिंग की प्रक्रिया को तेज कर देती है। पर्याप्त फाइबर न लेने से चेहरे पर झुर्रियां और शरीर में एनर्जी की कमी जल्दी दिखने लगती है। इसलिए अपनी डाइट में साबुत अनाज, दालें और मौसमी सब्जियों को शामिल करना बहुत जरूरी है।

# शनि की राशि में लगेगा सूर्य ग्रहण करना होगा चुनौतियों का सामना



वर्ष 2026 का पहला सूर्य ग्रहण 17 फरवरी को पड़ने जा रहा है। यह ग्रहण शनि की राशि कुंभ में लगेगा। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार सूर्य ग्रहण के समय सूर्य की ऊर्जा कमजोर हो जाती है, जिसका असर कुछ राशियों के जीवन पर नकारात्मक रूप से देखने को मिल सकता है। इस दौरान कुछ राशियों को चुनौतियों और मानसिक दबाव का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि सही उपाय अपनाकर इन प्रभावों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं किन राशियों को सावधान रहने की जरूरत है और कौन-से उपाय लाभदायक रहेंगे।

## सिंह राशि

सूर्य आपकी राशि के स्वामी हैं, ऐसे में सूर्य ग्रहण का असर आप पर ज्यादा हो सकता है। इस दौरान आत्मविश्वास में कमी महसूस हो सकती है। करियर से जुड़े मामलों में सतर्क रहने की जरूरत है और किसी भी बड़े फैसले को टालना बेहतर रहेगा। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम पर नजर रख सकते हैं, इसलिए हर जिम्मेदारी को सोच-समझकर निभाएं।

## कन्या राशि

सूर्य ग्रहण आपके छठे भाव में घटित होगा। इस कारण विरोधी सक्रिय हो सकते हैं और आपके काम में रुकावट डालने की कोशिश कर सकते हैं। किसी पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करना नुकसानदायक हो सकता है। रुके हुए कामों में देरी हो सकती है, इसलिए धैर्य बनाए रखें और जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

## वृश्चिक राशि

आपकी राशि के चतुर्थ भाव यानी सुख भाव में सूर्य ग्रहण लगेगा। इस वजह से माता-पिता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ सकती है, उनका विशेष ध्यान रखें। इस समय धन निवेश से बचना ही समझदारी होगी। गलत संगति से दूरी बनाए रखें, वरना आर्थिक नुकसान हो सकता है। जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में भी सोच-समझकर कदम बढ़ाएं।

# वेज आमलेट को बनाईए अपने नाश्ते की शान



अंडे का आमलेट तो आपने खाया ही होगा, पर क्या कभी आपने वेज आमलेट खाया है। अगर नहीं, तो जरूर जान लीजिए।

वेज आमलेट बनाने के लिए सबसे पहले एक गहरा बाउल लें और उसमें बेसन डालें। अब इसमें थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए अच्छी तरह फेंटें ताकि घोल में कोई गांठ न रहे। घोल न ज्यादा पतला हो और न ज्यादा गाढ़ा, बल्कि आमलेट जैसा स्मूद होना चाहिए। अब इस घोल में बारीक कटा हुआ प्याज, टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मिर्च और हरा धनिया डालें। इसके बाद नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर और अजवाइन मिलाएं। सभी चीजों को अच्छे से मिक्स करें ताकि सब्जियां और मसाले बराबर मिल जाएं।

इसके बाद एक तवा मध्यम आंच पर गरम करें और उस पर थोड़ा सा तेल डालकर चारों तरफ फैला दें। जब तवा अच्छी तरह गरम हो जाए, तो तैयार घोल को तवे के बीच में डालें और चम्मच से हल्के हाथ से फैलाएं।

आमलेट को धीमी आंच पर लगभग 2 से 3 मिनट तक पकने दें। जब नीचे की सतह सुनहरी हो जाए, तब इसे सावधानी से पलटें और दूसरी तरफ भी अच्छे से सेंक लें। दोनों तरफ से पक जाने पर गैस बंद कर दें।

गरमागरम वेज आमलेट को हरी चटनी, टमाटर सॉस या ब्रेड के साथ परोसें। यह एक आसान, हेल्दी और स्वादिष्ट नाश्ता है जिसे आप रोज़ाना भी बना सकते हैं।



# बच्चे को है हकलाने की समस्या तो न करें नजरअंदाज, नहीं तो होगा पछतावा

इस आदत को रोकने के लिए आपको शुरू से ही एहतियात बरतने की जरूरत है। अगर आपका भी बच्चा बात करने के दौरान हकलाता है तो आपको अपने बच्चे में यह समस्या दिखे तो तुरंत डॉक्टर के पास जाकर बच्चे को दिखाना चाहिए। सही समय पर इलाज कराने से यह समस्या खत्म भी हो जाती है।

बचपन में बच्चों के हकलाने या तुतलाने की समस्या बहुत ही सामान्य है। माता-पिता और परिवार वालों को यह आदत काफी क्यूट भी लगती है और वह अपने बच्चे का बार-बार ऐसे बात करते हुए सुनते हैं, लेकिन जब वह बड़े होते हैं तो यही आदत बड़ी समस्या बन जाती है और बच्चे का हर जगह मजाक उड़ाया जाता है। माता-पिता भी बच्चे को दूसरों से बात करने से रोकते हैं, जिससे उन्हें शर्मिंदा न होना पड़े। ऐसे में इस आदत को रोकने के लिए आपको शुरू से ही एहतियात बरतने की जरूरत है। अगर आपका भी बच्चा बात करने के दौरान हकलाता है तो आपको अपने बच्चे में यह समस्या दिखे तो तुरंत डॉक्टर के पास जाकर बच्चे को दिखाना चाहिए। सही समय पर इलाज कराने से यह समस्या खत्म भी हो जाती है।



## क्यों हकलाते हैं बच्चे?

सही से शब्द न बोले पाना- हकलाने की समस्या बच्चों में तब होती है, जब वह किसी शब्द को ठीक से नहीं बोल पाते हैं।मानसिक तनाव- कभी -कभी यह समस्या बच्चों में मानसिक तनाव के कारण भी होता है। तांत्रिक यंत्र की दिक्कत- अगर बच्चे के तांत्रिक यंत्र में कोई समस्या होती है तो भी उन्हें हकलाने की समस्या होने लगती है।

## क्या है हकलाने के लक्षण?

बार-बार शब्दों को दोहराना: हकलाने की समस्या में बच्चा शब्दों को दोहराता है और उन्हें ठीक से नहीं बोल पाता है। बात पूरी नहीं कर पाना: आपका बच्चा पात पूरी नहीं कर पाता या फिर वाक्यों को अधूरा छोड़ देता है। बोलने में झिझक: बच्चा लोगों के सामने बोलने में झिझकता है या फिर रुक-रुक कर बोलता है।

## क्या है इसका इलाज?

डॉक्टर से कराएं जांच। अगर आपका भी बच्चा हकलाता है तो इसे बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें और तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें। इसके साथ ही तुरंत इसका इलाज भी शुरू करा दें।


## स्पीक थैरेपिस्ट में मिलें

हकलाने के समस्या से निजात पाने के लिए बच्चे से बोलने की एक्सरसाइज करवानी चाहिए। साथ ही लगभग रोज एक स्क्रिप्ट पढ़वानी चाहिए। यही नहीं, आप स्पीक थैरेपिस्ट से भी मिलकर अपनी समस्या बता सकते हैं।

## मानसिक तनाव कम करना

हकलाने की समस्या के कारण अगर बच्चे को किसी प्रकार का मानसिक तनाव हो रहा है तो आप उससे बात करें और उसका ध्यान बाकी चीजों जैसे-खेल, संगीत आदि में लगाएं।

















फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

## 57 साल के मार्क 8वीं बार बनेंगे पिता, बीवी है 31 साल छोटी

अमेरिकन सिंगर मार्क एंथोनी के घर बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। वो खुद 57 साल के हैं और उनकी बीवी नादिया फरेरा 26 साल की हैं। वो अपने दूसरे बच्चे को जन्म देंगी और मार्क का ये 8वां बच्चा होगा। दोनों ने अपनी तीसरी वेडिंग एनिवर्सिरी पर ये गुड न्यूज दी है।



हॉलीवुड के फेमस सिंगर मार्क एंथोनी के घर फिर से बच्चे की किलकारी गूंजने वाली है। 57 साल की उम्र में वो जल्द ही अपने 8वें बच्चे के पिता बनेंगे। उनकी 26 साल की बीवी नादिया फरेरा प्रेग्नेंट हैं। दोनों ने अपनी तीसरी वेडिंग एनिवर्सिरी पर प्रेग्नेंसी का ऐलान किया और खुशखबरी सुनाई। ये इन दोनों का दूसरा बच्चा होगा। मार्क एंथोनी और नादिया फरेरा ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की। इसमें वो बेबी बंप फ्लॉन्ट कर रही हैं। इस पर अपने अलावा उनके पति और उनके बच्चे का हाथ रखा हुआ है।

## टॉलीवुड

## कन्नड़ एक्टर मयूर की गिरफ्तारी पर उठे सवाल, फैंस में हलचल

कन्नड़ एक्टर मयूर पटेल अचानक सुर्खीयों में आ गए हैं। उन्हें बेंगलुरु पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोशल मीडिया पर फैंस के बीच हलचल मची हुई है।

बताया जाता है कि एक्टर को गुरुवार, 29 जनवरी की सुबह ही गिरफ्तार किया था। मामला ड्रिंक एंड ड्राइव का है। एक्टर के खिलाफ होयसला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। उनकी गाड़ी भी जब्त कर ली गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, मयूर पटेल शराब के नशे में तेज रफ्तार से अपनी फॉर्च्यूनर एसयूवी भगा रहे थे। इसी दौरान सुबह उन्होंने बेंगलुरु में खड़ी एक कार में टक्कर मार दी। इस कारण पीछे से आ रही कई गाड़ियां भी डोमलूर में कमांडो हॉस्पिटल के पास आपस में टकरा गईं। क्षतिग्रस्त हुई गाड़ियों में एक सरकारी वाहन भी शामिल है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि क्षतिग्रस्त गाड़ियों का पता एक्टर की कार से लगाया गया। दुर्घटना के बाद दो कार मालिकों, श्रीनिवास और अभिषेक ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।

लाइफ स्टाइल



## जेन जी का ट्रेंड

फाइनेंशियल सर्विसेज़ और ओपन बैंकिंग प्लेटफॉर्म टिंक के हालिया डेटा से पता चला है कि जेन जी और मिलेनियल कंज्यूमर ₹एक्सेसिबल लग्ज़री₹ के ट्रेंड को आगे बढ़ा रहे हैं। खास बात यह है कि इसमें वे क्वालिटी, सस्टेनेबिलिटी और सुरक्षित, आसान खरीदारी के अनुभव को ज़्यादा अहमियत दे रहे हैं। यह स्टडी, जो यूके में सेंससवाइड द्वारा की गई थी, बताती है कि जेन जेड और मिलेनियल कंज्यूमर, जो सबसे ज़्यादा लग्ज़री सामान खरीदते हैं, अपनी पसंद में ज़्यादा सेलेक्टिव हो रहे हैं, खासकर लग्ज़री फैशन के लिए।

## चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए ऐसे करें आइब्रो को घना

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाती है आईब्रो। ऐसे में जरूरी है कि इन्हें घना करने के लिए हमें भी कुछ तरीकों को ट्राई करना चाहिए। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा


हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो के बाल घने हो जाएंगे और गहरे नजर आएंगे।



### प्याज का ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए पहले आपको प्याज को छिलना है फिर इसे घिसकर रस निकालना है। फिर इसे अपनी आईब्रो पर अप्लाई करना है। इसके इस्तेमाल से आपकी आइब्रो घनी हो जाएगी।हफ्तों में दिखने लगेगा असर आप इन घरेलू तरीकों का इस्तेमाल करके आइब्रो को घनी और काली बना सकती हैं। इन नुस्खों को इस्तेमाल हर स्किन टाइप पर किया जा सकता है, लेकिन फिर भी रिस्क न लें।

## संसद में इन दिनों दिख रहे सांसदों के क्लासी लुक्स



इन दिनों संसद का सत्र चल रहा है और ऐसे में हमारे सांसदों की स्टाइल उनके फैशन के ढंग को भी लोग नोटिस कर रहे हैं। सांसदों का अलग-अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। आइए नजर डालते हैं उनकी सांसदों की स्टाइल पर। लगातार निकल रही धूप के बाद आज एक बार फिर से दिल्ली के मौसम ने करवट ली। इसका असर आज देश की संसद में भी देखने को मिला। आज के दिन देश के सांसदों का स्टाइल और क्लासी लुक किसी सिलेब से कम नहीं था। कंगना रनौत, प्रिया सरोज, सुधा मूर्ति से लेकर राजनाथ सिंह और शशि थरूर जैसे नेता अपने अलग-अलग फैशन स्टाइल में संसद की बैठक में पहुंचे। स्वेटर, कोट, शॉल और स्टाइलिश जैकेट्स का चुनाव करते हुए सांसदों ने ठंड के मौसम में फैशन का बेहतरीन तड़का दिखाया। सोशल मीडिया पर इन तस्वीरों ने काफी धूम मचा रही हैं और लोगों को सांसदों के स्टाइलिश लुक्स बेहद पसंद आ रहे हैं।





**प्रिया सरोज:** प्रिया सरोज हमेशा अपने सादगी भरे अंदाज की वजह से पहचानी जाती हैं। आज वो खूबसूरत सी बेज रंग की साड़ी पहनकर संसद पहुंची। इस दौरान उन्होंने एक कंधे पर शॉल कैरी कर रखा था, जो उनके लुक को काफी अलग बना रहा था। हमेशा की तरह मिनिमल स्टाइल में प्रिया काफी प्यारी लग रही हैं।

प्रियंका गांधी ज्यादातर खादी या हैंडलूम की साड़ी पहनकर प्रियंका गांधी सुर्खियां बटोरती हैं। आज का उनका ये लुक भी काफी खास था। आज उन्होंने हरे रंग की साड़ी के साथ ब्लैक रंग का कार्डीगन पहना था। हरी साड़ी के साथ ये लॉन्ग कार्डीगन कमाल का लग रहा है।

**कंगना रनौत:** अभिनेत्री और सांसत कंगना का संसद लुक हमेशा चर्चा में रहता है। वो हमेशा बॉस लेडी अवतार में संसद पहुंचती हैं। आज भी गोल्डन बॉर्डर वाली पीच रंग की साड़ी उनपर खूब जच रही है। साड़ी लुक के साथ सिर पर हिमाचली टोपी और ब्राउन रंग का कोट उनके लुक को कमाल का बना रहा है।

**सुधा मूर्ति:** हमेशा अपने सादगी भरे अंदाज की वजह से सुधा मूर्ति चर्चा में रहती हैं। उनका आज का अंदाज भी हमेशा के जैसा ही है। उन्होंने लैवेंडर रंग की प्रिंटेड साड़ी के साथ फ्लोरल शॉल कैरी किया है। इसके साथ उन्होंने बालों में जूड़ा बनाकर गजरा लगाया है।

**शशि थरूर:** शशि थरूर का ये अंदाज लोगों को काफी अच्छा और क्लासी लग रहा है।

